भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	10	648.95	225.45	500	148.95	पश्च बोनस बाजार कीमत की 50 गुणा से अधिक बढ़ने की संभावना नहीं थी।
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड	2	172.1	18.60	100	72.1	शेयरों का अंकित मूल्य केवल 2016 में विभाजित किया गया था।

1.3 सरकारी कम्पनियों और निगमों में निवेश पर प्रतिफल

1.3.1 सीपीएसई द्वारा अर्जित लाभ

लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या 2015-16 में 203 की तुलना में 2016-17 में 212 थी। अर्जित लाभ 2015-16 में ₹ 1,54,497 करोड़ से 2016-17 में ₹ 1,58,373 करोड़ हो गया। 2016-17 में 212 सीपीएसई का आरओई 13.78 प्रतिशत था जबकी 2015-16 में 203 सीपीएसई का आरओई[19] 14.83 प्रतिशत था। सभी 406 सीपीएसई में इक्विटी पर रिर्टन अर्थात् 2016-17 में 157 हानि उठाने वाली और 37 शून्य लाभ वाली कम्पनियों को सम्मिलित करते हुए 8.91 प्रतिशत था।

2014-15 से 2016-17 के दौरान लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या चार्ट-v में दर्शाई गई हैं:

चार्ट v: लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई की संख्या



(*2016-17 के दौरान पिछले वर्षों के आंकड़ों को अद्यतित किया गया था जब उस वर्ष के लेखे प्राप्त हुए थे)

वर्ष 2016-17 के दौरान अधिकतम लाभ देने वाले शीर्ष 3 क्षेत्रों का ब्यौरा नीचे तालिका 1.12 में सारांशीकृत किया गया हैः

[19] *इक्विटी पर रिटर्न = कर के बाद सकल लाभ और अधिमानी लाभांश/इक्विटी x 100*
जहाँ इक्विटी = भुगतान की गई पूंजी+मुक्त आरक्षित निधि-संचित हानियां-आस्थिगित राजस्व व्यय

तालिका 1.12: वर्ष 2016-17 के दौरान अधिकतम लाभ देने वाले शीर्ष 3 क्षेत्र

क्षेत्र	लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या	अर्जित निवल लाभ (₹ करोड़ में)	कुल सीपीएसई लाभ से लाभ की प्रतिशतता
1. पेट्रोलियम			
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	8	60969	38.5
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	7	4570	2.89
जोड़	15	65539	41.39
2. कोयला एवं लिग्नाईट			
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	2	16843	10.64
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	5	10010	6.32
जोड़	7	26853	16.96
3. विद्युत			
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	4	21095	13.32
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां	23	4786	3.02
जोड़	27	25881	16.34
जोड़ (1) से (3)	**49**	**118273**	**74.69**

2015-16 के दौरान 47 सीपीएसई द्वारा 72.75 *प्रतिशत* योगदान की तुलना में इन तीन क्षेत्रों में 49 सीपीएसई द्वारा 2016-17 के दौरान सीपीएसई के कुल लाभ के 74.69 *प्रतिशत* ₹ 1,18,273 करोड़ के निवल लाभ का योगदान दिया गया था।

25 सीपीएसई द्वारा ₹ 34,721 करोड़ का निवल लाभ का योगदान दिया गया था। जो कि रक्षा, कोयला, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्यरत थे जो बाजार प्रतिस्पर्धा के लिए खोले नहीं गए थे। इससे 2016-17 के दौरान सभी 212 सीपीएसई में ₹ 1,58,373 करोड़ को कुल लाभ का 21.92 प्रतिशत हो गया था। 2016-17 में इन 25 सीपीएसई के आरओई प्रतिस्पर्धी परिस्थिति में कार्य कर रही 187 सीपीएसई में 13.76 प्रतिशत की तुलना में 31.83 प्रतिशत था।

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान 173[20] सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनिया में से, 119 कम्पनियों ने ₹ 7,666 करोड़ का लाभ अर्जित किया था। इन 119 सीपीएसईज का आरओई, 2016-17 में 4.81 प्रतिशत था। 173 सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों में

[20] *173=192 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियां - 19 जिनके खाते बकाया थे।*

(अर्थात 41 हानि वहन करने वाली और 13 शून्य लाभ वाली कम्पनियों को सम्मिलित करते हुए) आरओई 2.01 प्रतिशत था।

वर्ष 2016-17 के दौरान ₹ 5,000 करोड़ से अधिक का लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई की सूची तालिका 1.13 में दी गई है:

तालिका 1.13: ₹ 5,000 करोड़ से अधिक लाभ वाले सीपीएसई की सूची

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	निवल लाभ (₹ करोड़ में)
1	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	19,106
2	ऑयल एण्ड नैचुरल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	17,900
3	कोल इंडिया लिमिटेड	14,501
4	एनटीपीसी लिमिटेड	9,182
5	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	8,039
6	पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	7,570
7	रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड	6,246
8	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	6,209
	कुल	**88,753**

यह देखा जा सकता है कि इन 8 सीपीएसई ने 2016-17 के दौरान 212 सीपीएसई द्वारा कुल अर्जित लाभ के 56 *प्रतिशत* का योगदान किया।

1.3.2 सीपीएसई द्वारा लाभांश भुगतान

अर्जित लाभ और घोषित लाभांश का विवरण तालिका 1.14 में दिया गया है:

तालिका 1.14: अर्जित लाभ और घोषित लाभांश

श्रेणी	सीपीएसई द्वारा घोषित लाभांश			
	सीपीएसई की संख्या	प्रदत्त पूंजी (₹ करोड़ में)	निवल लाभ (₹ करोड़ में)	घोषित लाभांश
सांविधिक निगम	2	725	3,347	1,031
सूचीबद्ध कम्पनियां	35	63,288	1,15,446	62,655
असूचीबद्ध कम्पनियां	74	58,679	33,518	18,805
कुल	111	1,22,692	1,52,311	82,491

2016-17 में लाभांश की घोषणा करने वाले 111 सीपीएसई थे। इन सीपीएसई द्वारा अर्जित निवल लाभ की प्रतिशतता के रूप में घोषित लाभांश 2015-16 में 47.85 *प्रतिशत* से बढ़ कर 2016-17 में 54.16 *प्रतिशत* हो गया, जिसे चार्ट VI में दर्शाया गया

है। कुल मिलाकर, सीपीएसई द्वारा 2016-17 में घोषित लाभांश पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 10,961 करोड़ तक बढ़ गया।

चार्ट VI: निवल लाभ और प्रदत्त पूँजी की तुलना में घोषित लाभांश (₹ करोड़ में)



वर्ष 2016-17 के लिए 111 सीपीएसई द्वारा घोषित ₹ 82,491 करोड़ के कुल लाभांश में से, केंद्रीय सरकार द्वारा प्राप्त/प्राप्य लाभांश ₹ 47,226 करोड़ था। 406 सीपीएसई की इक्विटी पूंजी में केंद्रीय सरकार द्वारा किए गए ₹ 3,24,270 करोड़ के कुल निवेश पर प्रतिफल 2015-16 के दौरान 13.68 *प्रतिशत* की तुलना में 14.57 *प्रतिशत* था। इसी प्रकार 38 सीपीएसई ने अन्य सीपीएसई में इक्विटी धारिता पर ₹ 23,844 करोड़ की प्रदत्त पूंजी पर लाभांश के रूप में ₹ 17,799 करोड़ प्राप्त किए।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन 16 सीपीएसई ने ₹ 34,918 करोड़ का लाभांश घोषित किया जो 2016-17 में 111 सीपीएसई द्वारा घोषित ₹ 82,491 करोड़ के कुल लाभांश का 42.33 *प्रतिशत* था।

मई 2016 में डीआईपीएएम द्वारा जारी दिशानिर्देशों में यह परिकल्पित था कि प्रत्येक सीपीएसई, वर्तमान कानूनी प्रावधानों के तहत अधिकतम अनुमत लाभांश के अध्यधीन, कर पश्चात् लाभ के 30 प्रतिशत या निवल सम्पत्ति के 5 प्रतिशत जो भी अधिक हो, के वार्षिक लाभांश भुगतान करेगा। तथापि, 20 सीपीएसई (5 सूचीबद्ध सीपीएसई सहित) ने

भारत सरकार द्वारा निर्धारित लाभांश घोषित नहीं किया था, जैसा कि **परिशिष्ट-IV** में दिया गया है। इसके कारण 2016-17 में कुल कमी ₹ 5,456.56 करोड़ थी।

2016-17 में 60 सरकार नियंत्रित कम्पनियां थी जिन्होंने ₹ 1,495 करोड़ की मूल्यराशि के लाभांश की घोषणा की थी जो कि उनके द्वारा भुगतान की गई ₹ 11,472 करोड़ की पूंजी का 13 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती थी। सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों जिन्होने 2016-17 के दौरान लाभांश घोषित किया था, का क्षेत्र वार वर्गीकरण तालिका 1.15 में दिया गया है:

तालिका 1.15: सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों द्वारा घोषित लाभांश

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	कम्पनियों की सं.	प्रदत्त पूंजी	अर्जित निवल लाभ	लाभांश
वित्तीय सेवाएं	39	4957	2535	796
विद्युत	4	4488	1307	321
पेट्रोलियम	3	260	166	156
इंश्योरेंस	1	1000	955	150
परिवहन सेवाएं	2	264	47	38
ठेका एवं निर्माण सेवाएं	3	446	232	22
व्यापार एवं विपणन	1	41	13	6
औद्योगिक विकास एवं तकनीकी परामर्श	6	15	21	5
खनिज एवं धातु	1	1	7	1
जोड़	**60**	**11472**	**5283**	**1495**

1.4 हानि उठाने वाले सीपीएसई

157 सीपीएसई को वर्ष 2016-17 के दौरान हानि हुई थी। इन सीपीएसई द्वारा 2015-16 के दौरान उठाई गई हानि ₹ 31,957 करोड़ से कम होकर 2016-17 में ₹ 30,678 करोड़ हो गई जिसका तालिका 1.16 में विवरण दिया गया है।

तालिका 1.16: वर्ष के दौरान हानियां उठाने वाले सीपीएसई की संख्या

सूचीबद्ध/असूचीबद्ध वर्ष	हानि उठाने वाले सीपीएसई की संख्या	वर्ष के लिए निवल हानि	संचित हानि	निवल सम्पत्ति[21]
		(₹ करोड़ में)		
सांविधिक निगम				
2014-15	1	1334	0	13944
2015-16	1	1143	0	13268
2016-17	1	907	0	12891
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां				
2014-15	12	8841	26366	-12634
2015-16	12	11830	31297	75113
2016-17	10	9713	29770	10425
असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां/निगम				
2014-15	119	20686	81685	47916
2015-16	140	18984	73459	91747
2016-17	146	20058	74960	86885
जोड़				
2014-15	132	30861	108051	49226
2015-16	153	31957	104756	180128
2016-17	157	30678	104730	110201

वर्ष 2016-17 के दौरान तालिका 1.17 में सूचीबद्ध सीपीएसई ₹ 1,000 करोड़[22] से अधिक की हानि वहन की।

तालिका 1.17: 2016-17 के दौरान ₹ 1,000 करोड़ से अधिक की हानि उठाने वाले सीपीएसई

क्र.सं.	कम्पनी का नाम	निवल हानि (₹ करोड़ में)
1	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	3187
2	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	2941
3	हिंदुस्तान फोटोफिल्मस (मैन्युफैक्चरिंग) कम्पनी लिमिटेड	2917
4	यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड	1914
5	ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड	1691
6	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	1263

[21] *निवल मूल्य का अर्थ है प्रदत्त शेयर पूंजी तथा मुक्त आरक्षित निधि तथा बेशी घटाएं संचित हानि तथा आस्थगित राजस्व व्यय का कुल जोड़। मुक्त आरक्षित निधि का अर्थ है लाभों तथा शेयर प्रीमियम लेखा में से सृजित सभी राजस्व परन्तु परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा मूल्यह्रास प्रावधान के प्रतिलेखन में से सृजित राजस्व को शामिल नहीं किया गया है*

[22] *2016-17 के लिए लेखाओं के रूप में इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए हुए अपने अंतिम लेखापरीक्षित लेखाओं से एयर इंडिया के आकड़ों का सम्मिलित करते हुए 21 सीपीएसई में कट-ऑफ तिथि से पहले अर्थात 30 सितम्बर 2017 में रिपोर्ट तैयार करने से पहले प्राप्त नहीं हुए थे। तथापि, वर्ष 2016-17 के दौरान एयर इंडिया द्वारा ₹ 5,765 करोड़ की हानि वहन की गई।*

173 सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों में से, 41 कम्पनियों को वर्ष 2016-17 के दौरान ₹ 4,308 करोड़ की हानि हुई और 13 कम्पनियों ने अपने लेखाओं को अन्तिम रूप नहीं दिया या वाणिज्यिक प्रचालन प्रारम्भ नहीं किया।

1.4.1 सरकारी कम्पनियों में पूंजी क्षरण

31 मार्च 2017 तक 188 सीपीएसई जिनकी संचित हानि ₹ 1,23,194 करोड़ थी। वर्ष 2016-17 के दौरान 188 सीपीएसई में से 127 सीपीएसई ने ₹ 16,274 करोड़ की हानि वहन की तथा वर्ष 2016-17 में 61 सीपीएसई ने हानि नहीं उठाई थी यद्यपि उन्हें ₹ 18,465 करोड़ की संचित हानि हुई थी।

188 सीपीएसई में से 71 की निवल संपत्ति संचित हानि द्वारा पूरी तरह क्षरित हो गई थी और उनकी निवल संपत्ति नकारात्मक थी। इन 71 सीपीएसई की निवल संपत्ति 31 मार्च 2017 को ₹ 36,290 करोड़ इक्विटी निवेश के प्रति ₹ (-)71,935 करोड़ थी। इसमें सात सूचीबद्ध कम्पनियां शामिल हैं जिनकी निवल संपत्ति ₹ 7,178 करोड़ के इक्विटी निवेश के प्रति ₹ (-)27,686 करोड़ थी। 71 सीपीएसई जिनकी पूंजी क्षरित हुई थी (नकारात्मक निवल सम्पत्ति होने पर), में से केवल 11 सीपीएसई ने 2016-17 के दौरान ₹ 2958 करोड़ का लाभ प्राप्त किया था **(परिशिष्ट-V)**।

71 सीपीएसई में से 22, जिनकी पूंजी क्षरित हुई थी (नकारात्मक निवल संपत्ति होने पर), की बकाया सरकारी ऋण की राशि 31 मार्च 2017 को ₹ 6,147 करोड़ थी। इसमें ₹ 1,948 करोड़ के बकाया सरकारी ऋण वाली चार सूचीबद्ध कम्पनियां शामिल है।

संभावित वित्तीय रूग्णता दर्शाते हुए 332 सीपीएसई, जिनकी निवल संपत्ति सकारात्मक थी, में से 28 सीपीएसई की निवल संपत्ति 31 मार्च 2017 के अंत में उनकी प्रदत्त पूंजी के आधे से कम थी।

1.5 सरकारी कम्पनियों की प्रचालन दक्षता

1.5.1 उत्पादन का मूल्य

तीन वर्ष की अवधि के दौरान 406 सीपीएसई में उत्पादन का मूल्य, कुल परिसम्पत्तियों तथा नियोजित पूंजी को दर्शाने वाला सार चार्ट VII में दिया गया है:

चार्ट VII: उत्पादन का मूल्य, परिसम्पत्तियां और नियोजित पूंजी (₹ करोड़ में)



पिछले वर्ष की तुलना में 2016-17 में उत्पादन के मूल्य, कुल परिसम्पत्ति तथा नियोजित पूंजी में वृद्धि हुई थी।

1.5.2 नियोजित पूंजी पर रिर्टन

नियोजित पूंजी पर रिटर्न (आरओसीई) एक ऐसा अनुपात है जो कम्पनी को लाभ प्रदता और दक्षता को मापता है जिसके साथ इसकी पूंजी नियोजित होती है। आरओसीई की संगणना नियोजित पूंजी[23] के द्वारा ब्याज और करो से पहले कम्पनी की आय (ईबीआईटी) को विभाजित करके किया जाता है। 2014-15 से 2016-17 की अवधि के दौरान 406 सीपीएसई के आरओसीई के ब्यौरे तालिका 1.18 में नीचे दिये गए है:

तालिका 1.18: नियोजित पूंजी पर रिर्टन

वर्ष	ईबीआईटी (₹ करोड़ में)	नियोजित पूंजी (₹ करोड़ में)	आरओसीई (%)
2014-15	159868	2246354	7.12
2015-16	168036	2440544	6.89
2016-17	201053	2598888	7.74

यह देखा गया कि वर्ष 2015-16 के लिए इसकी तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान 406 सीपीएसई के आरओसीई सीमांत रूप से अधिक थे।

[23] *नियोजित पूंजी = भुगतान की गई शेयर पूंजी+मुफ्त आरक्षित निधि और अधिशेष+दीर्घ अवधि ऋण-संचित हानियां - आस्थगित राजस्व व्यय*

1.5.3 बिक्री एवं विपणन

2016-17 के दौरान, 406 सीपीएसई की कुल बिक्री ₹ 19,49,214 करोड़ थी। इनमें से 120 सीपीएसई ने सरकारी क्षेत्रों को उनकी ₹ 9,75,073 करोड़ की निवल बिक्री के प्रति ₹ 2,23,433 करोड़ मूल्य की बिक्री की/सेवाएं प्रदान की। उनकी कुल निवल बिक्रियों के संदर्भ में सरकारी क्षेत्रों को इन 120 सीपीएसई की बिक्री की समग्र प्रतिशतता, 22.91 *प्रतिशत* बनती थी।

53 सीपीएसई थे जिन्होंने ₹ 72,752 करोड़ मूल्य का माल निर्यात किया अथवा विदेश में सेवाएं प्रदान की। यह उनकी ₹ 11,99,017 करोड़ की निवल बिक्री के प्रति 6.07 *प्रतिशत* बनता था। 406 सीपीएसई द्वारा की गई ₹ 19,49,214 करोड़ की कुल बिक्री के प्रति निर्यात बिक्री राशि 3.73 *प्रतिशत* थी। ₹ 5,000 करोड़ से अधिक निर्यात बिक्री वाले सीपीएसई तालिका 1.19 में दिए गए है:

तालिका 1.19: 2016-17 के दौरान ₹ 5,000 करोड़ से अधिक के निर्यात बिक्री वाले सीपीएसई

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	निर्यात बिक्री (₹ करोड़ में)
1	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	14666
2	मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	14457
3	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	8923
4	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड	7448
जोड़		**45494**

इन चार सीपीएसई की निर्यात बिक्री सभी सीपीएसई के कुल निर्यात का 62.53 *प्रतिशत* है।

1.5.4 अनुसंधान एवं विकास

सतत् विकास के लिए मौजूदा उत्पादों का विकास करने के लिए और नये उत्पाद, प्रक्रियाओं आदि को विकसित करने के लिए प्रत्येक संस्था को अनुसंधान और विकास करनी पड़ती है।

वर्ष 2016-17 के दौरान कार्रवाई 44 सीपीएसई ने अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर ₹ 4,621.79 करोड़ का व्यय किया जिसके प्रति 356 पेटेंट पंजीकृत किये गये थे। 2014-15 से 2016-17 की अवधि के दौरान सीपीएसई द्वारा पंजीकृत किये गये आर एंड डी व्यय और पेटेंट के विवरण नीचे तालिका 1.20 में दिये गये हैं:

तालिका 1.20: आर एण्ड डी व्यय और पंजीकृत पेटेंट

2014-15		2015-16		2016-17	
आर एण्ड डी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत पेटेंट	आर एण्ड डी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत पेटेंट	आर एण्ड डी व्यय (₹ करोड़ में)	पंजीकृत पेटेंट
4551.70	327	5171.40	320	4621.79	356

इसके अतिरिक्त, सीपीएसई जिन्होंने वर्ष 2016-17 में ₹ 500 करोड़ से अधिक के आर एंड डी व्यय किए थे, को तालिका 1.21 में दिया गया है।

तालिका 1.21: ₹ 500 करोड़[24] से अधिक के आर एंड डी व्यय वाले सीपीएसई

क्र.सं.	सीपीएसई का नाम	कुल आर एंड डी व्यय (₹ करोड़ में)	निवल लाभ (₹ करोड़ में)	निवल लाभ से आर एंड डी व्यय की प्रतिशतता
1	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड	1284	2616	49.08
2	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	777	1548	50.19
3	ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड	592	17900	3.31

[24] भेल में, लाभ और हानि विविरण के अनुसर कंपनी का आर एण्ड डी पर व्यय ₹ 240.74 करोड़ था। तथापि, कंपनी की निदेशक रिपोर्ट के अनुसार ₹ 793.62 करोड़ की राशि आर एण्ड डी व्यय के रूप् में दर्शायी गई थी जिसमें ग्राहक आवश्यकताओं के संबंध में उत्पादों/डिजाइनों में बड़े संशोधनों/सुधारो के लिए विनिर्माण इकाईयो पर आर एण्ड डी प्रयास करने के लिए किया गया व्यय सम्मिलित था जिसमें आर एण्ड डी परियोजनाओं को कवर नहीं किया गया था। इसलिए, उपरोक्त 1.21 तालिका में इसे सम्मिलित नहीं किया गया था।

अध्याय II

सीएजी की निरीक्षण भूमिका

2.1 सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की लेखापरीक्षा

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 139(5) एवं (7) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) सरकारी कम्पनी एवं सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति करते है। भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के पास अनुपूरक लेखापरीक्षा करने तथा सांविधिक लेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का अनुपूरक जारी करने या उस पर टिप्पणी जारी करने का अधिकार है। कुछ निगमों को शासित करने वाली संविधियों में अपेक्षा है कि उनके लेखाओं की लेखापरीक्षा सीएजी द्वारा की जाए तथा प्रतिवेदन संसद को प्रस्तुत किया जाए।

2.2. सीएजी द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के सांविधिक लेखापरीक्षकों की समय से नियुक्ति

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के अन्तर्गत एक सरकारी कम्पनी या सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनी के मामले में सांविधिक लेखापरीक्षक वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने से एक सौ अस्सी दिन की अवधि के अन्तर्गत सीएजी द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।

वर्ष 2016-17 के लिए कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति जून/जुलाई 2016 के दौरान की गई थी।

वर्ष 2016-17 के लिए उपर्युक्त कम्पनियों के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति सीएजी द्वारा जून/जुलाई 2016 के दौरान की गई थी।

2.3 सीपीएसईज़ द्वारा लेखाओं का प्रस्तुतीकरण

2.3.1 समय पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 394 के अनुसार, सरकारी कम्पनी के कार्यचालन और कार्यों पर वार्षिक रिपोर्ट इसकी वार्षिक सामान्य सभा (एजीएम) के तीन महीने के अन्दर तैयार की जानी है और ऐसी तैयारी के बाद यथाशीघ्र लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की

एक प्रति और सीएजी द्वारा लेखापरीक्षा प्रतिवेदन पर की गई कोई टिप्पणी अथवा अनुपूरक के साथ संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए। सांविधिक निगमों को विनियमित करने वाले संबंधित अधिनियमों में लगभग समान प्रावधान विद्यमान हैं। यह तंत्र भारत की समेकित निधि से कम्पनियों में निवेश की गई सार्वजनिक निधियों के उपयोग पर आवश्यक संसदीय नियंत्रण उपलब्ध कराता है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 96 प्रत्येक कम्पनी से प्रत्येक कलेंडर वर्ष में एक बार शेयर धारकों की एजीएम आयोजित करने की अपेक्षा करती है। यह भी कहा गया है कि एक एजीएम और अगले एजीएम की तारीख के बीच 15 महीने से अधिक का समय नहीं बीतना चाहिए। इसके अतिरिक्त, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 में अनुबद्ध है कि वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षा वित्तिय विवरण उक्त एजीएम को उनके विचार के लिए प्रस्तुत किया जाना है।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 129(7) में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के प्रावधानों के अनुपालन के लिए जिम्मेदार कम्पनी के निदेशकों सहित व्यक्तियों पर दंड और कारागार जैसी शास्ति लगाने का भी प्रावधान है।

तथापि, लेखापरीक्षा ने देखा कि इस संबंध में अनुपालन के लिए जिम्मेदार केन्द्रीय सरकारी कम्पनियों के निदेशकों सहित चूककर्ता व्यक्तियों के प्रति कोई कार्यवाई नहीं की गई है जबकि विभिन्न सीपीएसईज़ के वार्षिक लेखे लम्बित थे जिसका विवरण आगामी पैराग्राफ में दिया गया है।

2.3.2 सरकारी कम्पनियों तथा सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों द्वारा लेखाओं को तैयार करने में सामयिकता

630 सरकारी एवं सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों में से 81 कम्पनियों के लेखे बकाया थे।

31 मार्च 2017 को सीएजी के लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र में 438 सरकारी कम्पनियां तथा 192 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियां थीं। वर्ष 2016-2017 के लिए इनमें से 433 सरकारी कम्पनियों और 192 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों से लेखे देय थे। 5 सरकारी कम्पनियों जो कि नई थी, के लेखे देय नहीं थे। 30 सितम्बर 2017 या इससे पहले कुल 376 सरकारी कम्पनियों

तथा 168 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों ने सीएजी द्वारा लेखापरीक्षा के लिए अपने लेखे प्रस्तुत किए। 57 सरकारी कम्पनियों तथा 24 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लेखे विभिन्न कारणों से बकाया थे। सरकारी कम्पनियों के बकाया लेखाओं को प्रस्तुत करने के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:

विवरण		**सरकारी कम्पनियां/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियां जहां सीएजी द्वारा अनुपूरक लेखापरीक्षा की गई**					
		सरकारी कम्पनियां		**सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियां**		**कुल**	
31.03.2017 तक सीएजी के लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र के तहत कुल कम्पनियों की संख्या		438		192		630	
		सूचीबद्ध	असूचीबद्ध	सूचीबद्ध	असूचीबद्ध	सूचीबद्ध	असूचीबद्ध
सूचीबद्ध/असुचीबद्ध		51	387	8	184	59	571
कम्पनियों की संख्या जिनके लेखे 2016-17 के लिए देय नहीं थे।		0	5	0	0	0	5
कम्पनियों की संख्या जिनके लेखे 2016-17 के लिए देय थे।		51	382	8	184	59	566
30 सितम्बर 2017 तक सीएजी की लेखापरीक्षा हेतु कम्पनियों द्वारा प्रस्तुत किए गए लेखे।		51	325	8	160	59	485
बकाया लेखाओं की संख्या		0	57	0	24	0	81
बकाया के ब्यौरें	(i) परिसमापनाधीन	0	22	0	8	0	30
	(ii) समाप्त	0	3	0	6	0	9
	(iii) पहला लेखा जमा नहीं	0	2	0	1	0	3
	(iii) अन्य	0	30	0	9	0	39
'अन्य' श्रेणी के प्रति बकाया का अवधि वार विश्लेषण	एक वर्ष (2016-17)	0	21	0	3	0	24
	दो वर्ष (2015-16 और 2016-17)	0	3	0	2	0	5
	तीन वर्ष और अधिक	0	6	0	4	0	10

परिशिष्ट ।। क और परिशिष्ट ।। ख में इन कम्पनियों के नाम दर्शाए गए हैं।

2.3.3 सांविधिक निगमों द्वारा लेखाओं को तैयार करने में सामयिकता

छः सांविधिक निगमों की लेखापरीक्षा सीएजी द्वारा की जाती है। पांच सांविधिक निगमों, जहां सीएजी एकमात्र लेखापरीक्षक है, में से चार[25] सांविधिक निगमों ने समय पर लेखापरीक्षा हेतु वर्ष 2016-17 के अपने लेखे प्रस्तुत किए थे। वर्ष 2016-17 के लिए भारतीय खाद्य निगम के लेखे 30 सितम्बर 2017 को प्रतीक्षित थे। केन्द्रीय वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन के मामले में, सीएजी ने पूरक लेखापरीक्षा की है तथा लेखा समय पर प्राप्त हुए थे।

2.4 सीएजी का निरीक्षण- लेखाओं की लेखापरीक्षा और पूरक लेखापरीक्षा

2.4.1 वित्तीय प्रस्तुतीकरण ढांचा

कम्पनियों द्वारा कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची ।।। में निर्धारित प्रपत्र में और लेखाकरण मानकों की राष्ट्रीय परामर्श समिति के परामर्श से केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित अनिवार्य लेखाकरण मानकों के अनुपालन में वित्तीय विवरण तैयार करने की अपेक्षा की जाती है। सांविधिक निगमों से सीएजी के परामर्श से बनाए गए नियमों तथा ऐसे निगमों को शासित करने वाले अधिनियम में लेखाओं से संबंधित किसी अन्य विशेष प्रावधान के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में अपने लेखे तैयार करने की अपेक्षा की जाती है।

2.4.2 सरकारी कम्पनियों के लेखाओं की लेखापरीक्षा

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अन्तर्गत सीएजी द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक सरकारी कम्पनियों के लेखाओं की लेखापरीक्षा करते हैं और कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 के अनुसार उन पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

सीएजी इस उद्देश्य के साथ, कि सांविधिक लेखापरीक्षक उनको आबंटित कार्यों का उचित प्रकार तथा प्रभावी रूप से निर्वहन करते हैं, सांविधिक लेखापरीक्षकों के निष्पादन की निगरानी द्वारा पर्यवेक्षण भूमिका निभाते हैं। इस कार्य का निर्वहन निम्न शक्ति का उपयोग करते हुए किया जाता है

---

[25] *भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण, दामोदर घाटी निगम, भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण।*

- कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(5) के अन्तर्गत सांविधिक लेखापरीक्षकों को निर्देश जारी करना।
- कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6) के अन्तर्गत सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट को पूरक करना या टिप्पणी करना।

2.4.3 चयनित सीपीएसईज़ के वार्षिक लेखाओं की तीन चरणीय लेखापरीक्षा

कम्पनी अधिनियम 2013 अथवा अन्य सुसंगत अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय प्रतिवेदन ढाँचे ढांचे के अनुसार वित्तीय विवरणों के तैयार करने की मुख्य जिम्मेदारी किसी इकाई के प्रबंधन की है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अन्तर्गत सीएजी द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के मानक लेखापरीक्षण पद्धतियों तथा सीएजी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के अन्तर्गत वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार है। सांविधिक लेखापरीक्षकों से कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के अन्तर्गत सीएजी को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है।

सांविधिक लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन के साथ चुनी गई सरकारी कम्पनियों के प्रमाणित लेखे की समीक्षा अनुपूरक लेखापरीक्षा के माध्यम से सीएजी द्वारा की जाती है। ऐसी समीक्षा के आधार पर महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा आपत्तियाँ, यदि कोई है, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य बैठक के समक्ष प्रस्तुत की जानी है।

तीन चरण लेखापरीक्षा

सीपीएसई में वित्तीय विवरणों की गुणवत्ता सुधारने के लिए सीएजी द्वारा लागू की गई वित्तीय लेखापरीक्षा के लिए एक तीव्र, नवीन, केन्द्रित और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण।



चूंकि, लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी वित्तीय प्रतिवेदन की गुणवत्ता में वृद्धि अर्थात पठनीयता, विश्वसनीयता और विभिन्न पणधारियों के लिए उपयोगिता में प्रबंधन की सहायता करना है, इसलिए सीएजी ने "तीन चरणीय लेखापरीक्षा की प्रणाली" के द्वारा वित्तीय लेखापरीक्षा के लिए अधिक तीव्र, नवीन, केंद्रित और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण आरम्भ किया। तीन चरणीय लेखापरीक्षा प्रणाली को निम्नलिखित उद्देश्यों से प्रबंधन और संबंधित सांविधिक लेखापरीक्षक के साथ नए लेखापरीक्षा अभिगम के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर चर्चा के बाद मतैक्य आधार पर 2008-09 के वित्तीय विवरणों के लिए सूचीबद्ध, नवरत्न, मिनीरत्न और सांवधिक निगमों की श्रेणियों के अन्तर्गत आने वाले चयनित गए सीपीएसईज़ में लागू किया गया था:

- सीपीएसईज़ द्वारा प्रस्तुत वित्तीय विवरणों से संबंधित असंगतियों और संदेहों को दूर करने के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों, प्रबंधन और सीएजी की लेखापरीक्षा के बीच प्रभावी संप्रेषण और समन्वित अभिगम स्थापित करना।
- सीपीएसईज़ के प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों के अनुमोदन के पूर्व त्रुटियों, चूक, अननुपालन आदि की पहचान करना और उल्लेख करना और सीपीएसईज़ के सांविधिक लेखापरीक्षकों तथा प्रबन्धन को समय से उपचारी कार्रवाई करने के लिए ऐसे मुद्दों की जांच करने के लिए अवसर प्रदान करना।
- सीपीएसईज़ के प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों के अनुमोदन के बाद सीएजी की लेखापरीक्षा के समय को कम करना।

इस प्रकार, तीन चरण लेखापरीक्षा वित्तीय विवरणों पर स्वीकृत टिप्पणियों में सुधार के लिए सीपीएसईज़ के प्रबंधन को समर्थ बनाकर लेखापरीक्षा प्रक्रिया और कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण गुणात्मक परिवर्तन लाती है।

तीन चरण लेखापरीक्षा के चरण-I और चरण-II कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(5) के विस्तारित प्रावधान है। प्रथम दो चरणों के अन्तर्गत लेखापरीक्षा आपत्तियां प्रारंभिक आपत्तियां के रूप में मानी जाती हैं और कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अन्तर्गत उप-निर्देश के भाग के रूप में सांविधिक लेखापरीक्षकों को सूचित की

जाती हैं। लेखापरीक्षा का अंतिम चरण (चरण III) प्रबंधन द्वारा वित्तीय विवरणों के अनुमोदन और सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षा के बाद किया जाता है।

2.5 सीएजी की निरीक्षण भूमिका के परिणाम

2.5.1 तीन चरणीय लेखापरीक्षा का प्रभाव

वर्ष 2016-17 के लिए 71 सीपीएसईज़ की तीन चरण लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, सीपीएसईज़ ने अपने वित्तीय विवरणों में अनेक मात्रात्मक और गुणात्मक परिवर्तन किए थे जिसके कारण इन सीपीएसईज़ के वित्तीय विवरणों की गुणवत्ता में सुधार हुआ।

वर्ष 2016-17 के लिए इन सीपीएसईज़ के वित्तीय विवरणों में तीन चरण लेखापरीक्षा द्वारा किया गया मूल्यवर्द्धन नीचे दिए गए ग्राफ में दर्शाया गया है:

तीन चरण लेखापरीक्षा का निवल प्रभाव



सीपीएसईज़ जहाँ महत्वपूर्ण मूल्य वर्धन किया गयाः

क्र.सं.	सीपीएसईज़ का नाम
1.	गेल इंडिया लिमिटेड
2.	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
3.	हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड
4.	हाऊसिंग एण्ड अरबन डिवलेपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
5.	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
6.	महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
7.	न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड

8.	एनएचपीसी लिमिटेड
9.	नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड
10.	ऑयल एण्ड नैचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड
11.	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड
12.	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
13.	रूरल इलैक्ट्रीफीकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड
14.	सदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
15.	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

2.5.2 कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 के अन्तर्गत सरकारी कम्पनियों/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लेखाओं की लेखापरीक्षा

सीएजी ने वर्ष 2016-17 के लिए 332 कम्पनियों और पांच सांविधिक निगमों के लेखाओं की समीक्षा की।

वर्ष 2016-17 के वित्तीय विवरण 376 सरकारी कम्पनियों (51 सूचीबद्ध कम्पनियों सहित), 168 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों (8 सूचीबद्ध कम्पनियों सहित) तथा पाँच सांविधिक निगमों से 30 सितम्बर 2017 तक प्राप्त हुए थे। इनमें से 251 सरकारी कम्पनियों और 81 सरकार द्वारा नियंत्रित कम्पनियों तथा पांच सांविधिक निगमों के लेखाओं की सीएजी द्वारा लेखापरीक्षा में समीक्षा की गई थी।

कुल मिलाकर सीएजी ने 30 सितम्बर 2017 तक प्राप्त लेखाओं में से 67 *प्रतिशत* सरकारी कम्पनियों और 48 *प्रतिशत* सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लेखाओं की समीक्षा की।

2.5.3 लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का संशोधन

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए सीएजी द्वारा की गई अनुपूरक लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, 35 सरकारी कम्पनियां और 6 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट संशोधित कीं।

2.5.4 सरकारी कम्पनियों/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों पर सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के पूरक के रूप में जारी सीएजी की टिप्पणियाँ

सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा वर्ष 2016-17 के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के पश्चात, सीएजी ने अनुपूरक लेखापरीक्षा की और सरकारी कम्पनियों और सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लेखाओं पर जारी महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ नीचे दी गई हैं:

❖ **सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियाँ**

लाभप्रदत्ता पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड	• भारत सरकार द्वारा कम्पनी के लिए अनुमोदित (25 मई 2017) पुनर्गठन योजना के अनुसार कम्पनी द्वारा शुरू की गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना/स्वैच्छिक विच्छेद योजना के संबंध में किये गये व्यय ₹ 84.46 करोड़ को शामिल नहीं किये जाने के कारण कर्मचारी लाभ खर्चे और हानि कम बताये गये थे। • रसायनी इकाई के वेतन संशोधन (1997 और 2007) के प्रावधान के गलत वर्गीकरण के कारण ₹ 22.08 करोड़ तक कर्मचारी लाभ खर्चे कम दर्शाये गए थे और पूर्व अवधि समायोजन अधिक बताये गये थे।
2.	आईएफसीआई लिमिटेड (एकल और समेकित वित्तीय विवरण)	• दीर्घ अवधि ऋण और अग्रिम अधिक दर्शाये गये थे और अशोध्य और संदिग्ध परिसंपत्तियाँ के लिए प्रावधान तथा हानियाँ ₹ 123.66 करोड़ तक कम बताये गये थे: • वीबीसी इन्डस्ट्रीज लिमिटेड के अपरिवर्तनीय डिबेचरों में संदिग्ध परिसंपत्तियों के स्थान पर मानक संपत्ति के रूप में ₹ 56.74 करोड़ के अंशदान के गलत वर्गीकरण के कारण ₹ 51.03 करोड़ का कम प्रॉवधान, • अवमानक परिसंपत्ति के रूप में कोहिनूर पावर प्राइवेट लिमिटेड को दिये गए ₹ 50 करोड़ ऋण के गलत वर्गीकरण के कारण ₹ 2.68 करोड़ का कम प्रवधान, • कोस्टल एनर्जीन प्रा. लि. को दिए गए (जुलाई 2013

		और जुलाई 2015) ₹ 368.97 करोड़ के मियादी ऋण के संबंध में आरबीआई के एस4ए[26] योजना के अनुसार ₹ 69.95 करोड़ का प्रावधान नहीं बनाना। • दीर्घ अवधि निवेशों के मूल्य में कमी के लिए किया गया ₹ 155.46 करोड़ का अपर्याप्त प्रावधान।
3.	मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	• देनदारियां और प्रगतिशील पूंजीगत कार्य निम्न के कारण ₹ 84.45 करोड़ तक कम बताया गया: • 31 मार्च 2017 तक कार्य संविदाओं के लिए देय राशि होने के कारण ₹ 76.03 करोड़ का लेखाकरण नहीं किया जाना। • मुम्बई मैट्रो लाइन-3 परियोजना के कार्यान्वयन के लिए जापान इन्टनेशनल कार्पोरेशन एजेन्सी से ऋण संबंधी प्रारंभिक छूट के भुगतान के प्रति ₹ 8.42 करोड़ का प्रावधान न करना।
4.	शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	• मैसर्स पूम्पुहार शिपिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के साथ चार्टर पार्टी एग्रीमेन्ट के आधार पर मार्च 2014 और मार्च 2017 के बीच तैनात आठ पोतो के संबंध में अप्रत्याशित रूप से बंद भाड़ा और सेवा कर के कम भुगतान के कारण ₹ 6.05 करोड़ तक कारोबार प्राप्यों के साथ-साथ लाभ अधिक बताए गए और संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान कम बताएं गये थे।
5.	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड - समेकित और एक मात्र वित्तीय विवरण	• अनुमेय मुक्त समय के अन्तर्गत वैगनों की उतराई/चढ़ाई में कम्पनी की विफलता के कारण दिसम्बर 2015 और दिसम्बर 2016 के बीच की अवधि के लिए इंजन किराया प्रभारों के प्रति रेलवे द्वारा ₹ 8.15 करोड़ की कटौती दावे वसूली के रूप में दिखाये गये थे। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 8.15 करोड़ तक वर्ष के लिए अन्य खर्चों और हानियों को कम बताया गया और वसूली योग्य दावों को अधिक बताया गया था। • अन्य खर्चे और हानियां, 2008 से 2010 की अवधि के दौरान कम्पनी द्वारा लम्बी पटरियों की अधिप्राप्ति पर पहले से अधिक अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क के भुगतान के प्रति भारतीय रेलवे द्वारा कटौती की गई राशि के प्रावधान नहीं करने के कारण ₹ 15.75 करोड़ कम बताए गए थे। • आस्थगित देनदारी के प्रति एनटीपीसी और कम्पनी के मध्य 50:50 संयुक्त उद्यम कम्पनी एनटीपीसी-सेल पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल) से ₹ 22.87 करोड़ के दावे का प्रावधान नहीं करने के परिणामस्वरूप ₹ 22.87 करोड़ तक अन्य खर्चो और हानि को कम बताया गया।

[26] ***महत्वहीन परिसंपत्तियों के सतत ढांचे के लिए योजना***

6.	दि स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एकल और समेकित वित्तीय विवरण)	• मौजूदा पट्टा समझौते की निबंधन और शर्तों में एकतरफा या किसी भी परिवर्तन के बिना एक कार्यालय इमारत के संबंध में, 2004-05 से 2015-16 की अवधि के लिए भूमि और विकास कार्यालय को देय 25 *प्रतिशत* पट्टा किराये के प्रति देनदारी के प्रतिलेखन के परिणामस्वरूप ₹ 66.12 करोड़ तक विशेष मदों-आय को अधिक बताया गया और समान मात्रा तक हानि के साथ-साथ देनदारियों को कम बताया गया।

प्रकटीकरण पर टिप्पणियां

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	• दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा मांगे गए 2007-08 से 2010-11 और 2012-13 की अवधि से संबंधित ₹ 590.90 करोड़ की लाइसेंस फीस का प्रावधान नहीं करने पर 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के लेखे पर टिप्पणियां की गई थीं। इस के उत्तर में, कम्पनी ने बताया कि विषय डीओटी के द्वारा समीक्षा के अधीन थे, कोई देय लाइसेंस शुल्क लम्बित नहीं था, इस विषय को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप से प्राप्त नहीं होने के कारण कोई ऋण स्वीकार नहीं था और इस प्रकार, इसके लिए प्रावधान बनाने का कोई ऑचित्य नहीं था। तथापि, वर्ष 2016-17 के वित्तीय विवरणों में उपरोक्त का प्रकटन नहीं किया गया था।
2.	दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (समेकित वित्तीय विवरण)	• लेखापरीक्षक की रिपोर्ट ने ₹ 1904.24 करोड़ की बकाया राशि वाले एक व्यापार सहयोगी के द्वारा वर्ष 2004 से 2016 के दौरान षड़यंत्र, धोखाधड़ी और भंडार के दुरूपयोग के मामले को प्रकट नहीं किया।

❖ **असूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां**

लाभप्रदत्ता पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	एयर इंडिया लिमिटेड (वर्ष 2015-16 के	• नौ विमानों के संबंध में ₹ 306.43 करोड़ के मूल्यह्रास का प्रावधान नहीं किया गया था जो निपटान के लिए परिसंपत्ति

	लिए)	में स्थानांतरित कर दिए गए थे। इसके परिणामस्वरूप मूल्यह्रास और ऋण परिशोधन व्यय कम बताया गया और ₹ 306.43 करोड़ तक निपटान के लिए धारित परिसंपत्ति को अधिक बताया गया। परिणामस्वयप, इसी सीमा तक हानि को भी कम बताया गया था। • कम्पनी ने पट्टे पर दी गई भूमि के ऋण परिशोधन के प्रति ₹ 14.01 करोड़ की राशि प्रतिलेखित की थी जो स्थायी पट्टे पर नहीं थी। इसके परिणाम स्वरूप मूल्यह्रास कम बताया गया और हानि ₹ 14.01 करोड़ तक कम बताई गई।
2.	भारत डायनेमिक्स लिमिटेड	• पुर्जो की बिक्री में ₹ 40.82 करोड़ मूल्य के पुर्जों को शामिल किया गया था, जो 31 मार्च 2017 के बाद जारी किए गए अदिनांकित निरीक्षण प्रमाणपत्र पर लेखांकित किये गये थे। पुर्जों के विक्रय में इन पूर्जों के विक्रय मूल्य को शामिल करने के परिणामस्वरूप ₹ 40.82 करोड़ तक पुर्जों का अधिक विक्रय बताया गया था। इसके परिणामस्वरूप वस्तुसूची को कम बताया गया और लाभ को अधिक बताया गया, जिसके प्रभाव को मापा नहीं जा सका था।
3.	हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	• भण्डार मूल्य बही खाते में बिन कार्ड के अनुसार खपत का लेखाकरण नहीं होने के परिणामस्वरूप माल-सूचियों को अधिक बताया गया और ₹ 6.55 करोड़ तक भण्डारों और पूर्जो और कच्चे माल की खपत को कम बताया गया। परिणामस्वरूप समान राशि तक हानि को कम बताया गया।
4.	हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड (समेकित वित्तीय विवरण)	• अप्रैल 2004 से मई 2009 की अवधि के लिए सीडीए पैटर्न कर्मचारियों हेतु 50 *प्रतिशत* महंगाई भत्ते के विलय के कारण बकायों का प्रावधान करने के परिणामस्वरूप ₹ 1.17 करोड़ तक मौजूदा देनदारियों के साथ-साथ खर्चों को कम बताया गया। फलस्वरूप समान राशि तक हानि को कम बताया गया।
5.	एमपीसीओएन (एकत्र और समेकित वित्तीय विवरण)	• अन्य मौजूदा देनदारियों में ₹ 1.20 करोड़ शामिल नहीं थे, जो भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा यथा निर्धारित कर्मचारियों को क्रेडिट करने के लिए संचित अवकाश पर छुट्टी नकदीकरण के लिए देनदारी है जिसके परिणामस्वरूप छुट्टी के नकदीकरण के लिए देनदारी को कम बताया गया और ₹ 1.20 करोड़ तक लाभ को अधिक बताया गया।
6.	ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड	• वर्ष 2015-16 के साथ-साथ 2016-17 के लिए कुवैत एजेंसी (कम्पनी का शाखा कार्यालय) की लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में दिये गए उपयुक्त मत के अनुसार, पुनर्बीमा सत्तान्तरित

		प्राप्यों के संबंध में ₹ 31.05 करोड़ की राशि की वसूली के लिए लेखापरीक्षक अपने आप को संतुष्ट करने में असमर्थ थे। ₹ 18.75 करोड़ की शेष राशि को वसूल करने की संभावना के लिए किसी भी साक्ष्य के बिना इसके विपरीत केवल ₹ 12.30 करोड़ का एक प्रावधान किया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 18.75 करोड़ तक प्रावधान और हानि को कम बताया गया। • प्रीमियम घाटा आरक्षित (पीडीआर) ₹ 107.65 करोड़ तक कम बताया गया था क्यों कि उसे इरडा के परिपत्र (04 अप्रैल 2016) के खण्ड सं. 3 के साथ पठित बीमा अधिनियम, 1938 के खण्ड सं. 64 V (1) (ii) (ब) के अनुसार उसे सृजित नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप वर्ष की हानि को ₹ 107.65 करोड़ से कम बताया गया था।

वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियां

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड	• कम्पनी ने भारत सरकार को देय बकाया देय के एक *प्रतिशत* पर देय गांरटी शुल्क की तुलना में 0.5 *प्रतिशत* की दर पर प्रावधान किया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 49.91 करोड़ तक अन्य मौजूदा देनदारियां का कम प्रावधान हुआ और लाभ को अधिक बताया गया था।
2.	एयर इंडिया लिमिटेड (वर्ष 2015-16 के लिए)	• एयर इंडिया एयर ट्रान्सपोर्ट सर्विसिस लिमिटेड (एआईएटीएसएल) के साथ सहभाजित राजस्व पर लागू होने पर 2015-16 तथा 2014-15 वर्षों के लिए सेवा कर के लिए क्रमश: ₹ 7.56 करोड़ तथा ₹ 7.68 करोड़ तक अल्पावधि प्रावधान कम बताए गए थे। इसके परिणामस्वरूप ₹ 15.24 करोड़ तक अल्पावधि प्रावधानों को कम बताया गया और ₹ 7.68 करोड़ तक पूर्व अवधि समायोजन (निवल) और ₹ 7.56 करोड़ तक अन्य खर्चों को कम बताया गया था। फलस्वरूप ₹ 15.24 करोड़ तक वर्ष की हानि को कम बताया गया था।
3.	एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड	• परियोजनाओं के प्रति अग्रिम को ₹ 1.10 करोड़ तक कम बताया गया था और जिसका भारत सरकार के तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय परियोजना कार्यान्वयन ईकाई के संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) से प्राप्त अग्रिम से वर्ष 2013 में भुगतान किया गया था, जबकि एमएचआरडी द्वारा सहमति नहीं दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप

		अन्य दीर्घ अवधि देयताओं (परियोजनाओं के प्रति अग्रिमों) को कम बताया गया और इस अवधि के लाभ को ₹ 1.10 करोड़ तक अधिक बताया गया था।
4.	एनएलसी तमिलनाडु पावर लिमिटेड	• सामान्य परिसम्पत्तियों के पूँजीकरण में दो महीनों के विलम्ब के परिणामस्वरूप ₹ 7.16 करोड़ के मूल्यह्रास का कम प्रभार हुआ। इसके परिणामस्वरूप समान राशि की अप्रचलित परिसम्पत्तियों तथा लाभ अधिक दिशाये गए थे।
5.	ओएनजीसी पेट्रो एडीशन्स लिमिटेड	• तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) को देय व्यापार देय में निम्न भुगतान शामिल नहीं थे: • वर्ष 2016-17 में मरीन रूट द्वारा ओएनजीसी द्वारा नेफ्था की आपूर्ति के लिए ₹ 28.92 करोड़ के लोडिंग प्रभार और ₹ 8.58 करोड़ के प्रीमियम और निर्यात संबंधित व्यय। • 2016-17 के दौरान मीथेन की आपूत्ति के लिए ओएनजीसी को किए जाने वाले भुगतान के लिए गलत फार्मुले के अंगीकरण के कारण ₹ 15.49 करोड़ का कम भुगतान। • नेफ्था, इथेन, प्रोपेन एवं ब्यूटेन की खरीद के लिए अतिदेय भुगतान पर ओएनजीसी को ₹ 7.35 करोड़ के ब्याज की देयता। परिणामस्वरूप, वर्ष के लिए वर्तमान देततायें एवं हानि को ₹ 60.34 करोड़ तक कम बताया गया। • दिसम्बर 2016 में मेसर्स सैमसन्ग इंजीनियरिंग क. लि. द्वारा भेजी गई एक इनवॉयस का लेखाकरण न करने के कारण ₹ 10.50 करोड़ के प्रावधानों का अल्प वर्णन हुआ था। पूर्वोक्त का प्रावधान न करने के परिणामस्वरूप वर्ष में ₹ 10.50 करोड़ तक वर्तमान देयता, अन्य व्ययों के साथ-साथ हानि का कम दर्शाया गया।
6.	सिडकुल कॉन्कोर इंफ्रा कम्पनी लिमिटेड	• तीन महीनों से अधिक किंतु बारह महीनों से कम की वास्तविक परिपक्वता के ₹ 12.26 करोड़ के सावधि जमा अन्य बैंक जमा शेषों के बजाय रोकड़ एवं रोकड़ समराशियों में निहित थे। • गैरचालू परिसम्पत्तियां अधिक बताई गई थीं तथा चालू परिसम्पत्तियां, निजी मालभाड़ा टर्मिनल (पीएफटी) के संस्थापन के बाद रेलवे द्वारा प्रत्यर्पणीय ₹ 0.99 करोड़ की प्रतिभूमि जमा को शामिल अप्रचलित परिसम्पत्तियों के तहत करने के कारण कम बताई गई थीं।

प्रकटन पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड	• एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड 'रोटेबल्स' एवं 'अन्य स्थाई परिसम्पत्ति' के संबंध में परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण के वर्ष में पूर्ण वर्ष के मूल्यह्रास का प्रावधान कर रहा था और निपटान के वर्ष में कोई मूल्यह्रास नहीं किया गया यह कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार नहीं था। • वित्तीय विवरणों के नोट के अनुसार, वस्तुसूचियों का भारित औसत मूल्य पर मूल्यांकन किया गया था। यह लेखाकरण मानक 2 - वस्तु सूचियाँ के मूल्यांकन के प्रतिकूल था जो प्रावधान करता है कि वस्तु सूचियों का मूल्यांकन लागत अथवा शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर किया जाना चाहिए।
2.	एयर इंडिया लिमिटेड - समेकित वित्तीय विवरण (वर्ष 2015-16 के लिए)	• वित्तीय विवरणों के नोट के अनुसार, वस्तुसूचियों का भारित औसत मूल्य पर मूल्यांकन किया गया था। यह लेखाकरण मानक 2 - वस्तु सूचियों के मूल्यांकन के प्रतिकूल था जो प्रावधान करता है कि वस्तुसूचियों का मूल्यांकन लागत अथवा शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर किया जाना चाहिए।
3.	एयर इंडिया लिमिटेड (वर्ष 2015-16 के लिए)	• 'बिक्री के लिए परिसम्पत्तियों' के संबंध में लेखाकरण नीति लेखाकरण मानक 10 - अचल परिसम्पत्तियों के अनुरूप नहीं थी। • एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड को 'रोटेबल्स' एवं 'अन्य स्थायी परिसम्पत्तियों' के संबंध में परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण के वर्ष में पूर्ण वर्ष के मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया था और निपटान के वर्ष में कोई मूल्यह्रास नहीं किया गया यह कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार नहीं था। • वित्तीय विवरणों के नोट के अनुसार, वस्तुसूचियों का भारित औसत मूल्य पर मूल्यांकन किया गया था। यह लेखाकरण मानक 2 - वस्तु सूचियों के मूल्यांकन के प्रतिकूल था जो प्रावधान करता है कि वस्तुसूचियों का मूल्यांकन लागत अथवा शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर किया जाना चाहिए। • वसंत विहार में स्टाफ हाउसिंग कॉलोनी के लिए लीज़ के रद्द डीड और खजुराहो में भूमि के संबंध में हाउसिंग कॉलोनी के लिए लीज़ डीड की समाप्ति के तथ्य प्रकट नहीं किये गए थे। • बुकिंग ऑफिस के लिए भोपाल में भूमि और वाराणसी में भूमि के संबंध में लीज डीड अभिलेखों में नहीं पाई गयी थी।

4.	आईएफसीआई वित्तीय सेवाएं लिमिटेड	• सांविधिक लेखापरीक्षकों ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 30 मार्च 2017 की अधिसूचना का अनुपालन नहीं किया था जिसमें प्रावधान किया गया कि स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में एक टिप्पणी शामिल होनी चाहिए कि क्या 8 नवम्बर 2016 से 30 दिसम्बर 2016 तक की अवधि के दौरान विनिर्दिष्ट बैंक नोट (एसबीएन) होल्डिंग्स के साथ-साथ की इसमें डीलिंग के लिए वित्तीय विवरणों में पर्याप्त प्रकटन प्रदान किया गया था और यदि ऐसा है तो क्या वे कम्पनी द्वारा रखे गए लेखा बही के अनुरूप हैं।
5.	आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	• वर्ष के दौरान जारी इक्विटी शेयर के तुलना समय के बजाय वर्ष के अंत पर शेयरों की अंतिम संख्या पर विचार द्वारा प्रति शेयर अर्जन की गलत ढंग से गणना की गई थी जो लेखाकरण मानक 20 - प्रति शेयर अर्जन के प्रावधानों के प्रतिकूल था।
6.	इंडिया मेडिसिन्स एण्ड फार्मेस्युटिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (वर्ष 2015-16 के लिए)	• आकस्मिक देयताओं में गलत ठंग से दंड प्रभारों के लिए ₹ 0.69 करोड़ शामिल किया गया था जो पहले ही उत्पादों की विलम्बित आपूर्ति के लिए तीन दलों द्वारा काटे गए थे। • पूँजी लेखे पर किए जाने के लिए शेष संविदाओं की अनुमानित राशि के लिए वचनबद्धता में वर्तमान सुविधाओं के नवीनीकरण एवं संशोधन के लिए दी गई संविदा की शेष अनुमानित राशि के लिए पूंजी वचनबद्धता के लिए ₹ 5.09 करोड़ शामिल नहीं थे।
7.	कामारजार पोर्ट लिमिटेड	• सम्पत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर में कम्पनी द्वारा अधिग्रहित 8.48 एकड़ भूमि को शामिल किया गया जिसे अब भी इसके नाम पर परिवर्तित किया जाना था। तथापि, भूमि, धोखाधड़ी से एक तीसरी पार्टी द्वारा विभिन्न बैंकों में गिरवी रखी गयी थी और उक्त बैंक ने उसे संलग्नित किया है। यह तथ्य वित्तीय विवरणों में प्रकट नहीं किया गया था।
8.	एनएचडीसी लिमिटेड	• रोकड़ प्रवाह विवरण में 12 महीनों से अधिक की परिपक्वता वाले (उगाहे गए ब्याज के प्रभाव सहित) बैंक जमा के लिए ₹ 269.98 करोड़ का रोकड़ प्रवाह 'निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह' के बजाय 'परिचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह' में शामिल किया गया था जो आईएनडी एएस 7 - नकद प्रवाहों के विवरण की आवश्यकताओं के प्रतिकूल था।
9.	एनएलसी तमिलनाडु पावर लिमिटेड	• कम्पनी ने 8 नवम्बर 2016 से 30 दिसम्बर 2016 तक की अवधि के दौरान विनिर्दिष्ट बैंक नोटों एवं अन्य वर्ग के नोट

		रखे एवं संव्यवहार किया। तथापि 30.03.2017 को कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार इस संबंध में प्रकटन वित्तीय विवरणों में नहीं किया गया था। इसके अलावा सांविधिक लेखापरीक्षक ने अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में अप्रकटन की रिपोर्टिंग के बजाय गलत बताया कि कम्पनी ने 8 नवम्बर 2016 से 30 दिसम्बर 2016 के दौरान विनिर्दिष्ट बैंक नोटों नहीं रखे एवं सव्यवहार नहीं किया।
10.	ओएनजीसी मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	• वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं एवं सुख-सुविधाऐं प्रदान करने के लिए अनुरक्षण, विकास एवं अन्य व्यय के लिए मैंगलोर सेज़ लिमिटेड से प्राप्त ₹ 15.23 करोड़ की कुल मांग में से कम्पनी ने विरोध के तहत ₹ 6.09 करोड़ का भुगतान किया और एक औपचारिक परिचालन एवं अनुरक्षण करार की अनुपस्थिति में कुल मांग की गणना के संबंध में एक विवाद के कारण ₹ 3.83 करोड़ का प्रावधान किया। तथापि, विवाद एवं बकाया मांग ₹ 5.31 करोड़ का प्रकटन नहीं किया गया था।
11.	ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड	• इरडा के निवेश विनियमों 2016 और इरडा परिपत्र दिनांक 12 जनवरी 2017 के साथ पठित दिनांक 4 अप्रैल 2016 के इरडा के परिपत्र के अनुसार निवेशों के गैर-द्विभाजन के परिणामस्वरूप ₹ 2370 करोड़ का अंशधारकों के निवेश का अधिक कथन और पालिसीधारकों के निवेशों का अल्पकथन हुआ था। • इसके अतिरिक्त, पालिसीधारकों की निधियों और अंशधारकों की निधियों के तहत उचित मूल्य परिवर्तन लेखे को विभाजित करने के इरडा के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया। • वर्ष 2016-17 के दौरान ₹ 150.11 करोड़ की राशि की स्थिर परिसम्पत्तियों के कुल जुड़ाव के प्रति कम्पनी ने नकद प्रवाह विवरण में ₹ 162.89 करोड़ का वर्णन किया। इसके परिणामस्वरूप लेखा बही एवं नकद प्रवाह विवरण के बीच ₹ 12.78 करोड़ का अंतर था।
12.	तमिलनाडु टेलीकम्युनिकेशंस लिमिटेड	• कम्पनी ने विनिर्दिष्ट बैंक नोट (एसबीएन) के विवरणों को प्रकट नहीं किया यद्यपि 8 नवम्बर 2016 से 30 दिसम्बर 2016 की अवधि के दौरान उसे रखा और संव्यवहार किया। यह कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी 30 मार्च 2017 की अधिसूचना के प्रतिकूल था।

		• इसके अलावा अपनी रिपोर्ट में सांविधिक लेखापरीक्षकों के विवरण में कम्पनी ने 8 नवम्बर 2016 से 30 दिसम्बर 2016 की अवधि के दौरान रखे गए एवं संव्यवहार किए गए विनिर्दिष्ट बैंक नोटों (एसपीएन) के विवरण को प्रकट किया एवं वे उपरोक्त के अनुसार कम्पनी द्वारा रखे गए लेखा बहियों के अनुरूप तथ्यपूर्ण नहीं थे।

❖ **असूचीबद्ध सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियां**

लाभप्रदता पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	एग्रिकल्चरल इन्श्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड	• अक्तूबर 2012 में जारी इरडा मास्टर परिपत्र के उल्लंघन में सरकारी प्रतिभूतियों/बांड में निवेशों पर प्रावधान करने के परिणामस्वरूप ₹ 18.07 करोड़ के प्रावधानों का अधिक कथन और ₹ 4.17 करोड़ तक वर्तमान वर्ष के लिए लाभ का कम कथन हुआ। इसके परिणामस्वरूप ₹ 13.90 करोड़ के आरक्षित एवं अधिशेष का कम कथन भी हुआ था।

वित्तीय स्थिति पर टिप्पणी

क्र. सं.	कम्पनी का नाम	टिप्पणी
1.	एग्रिकल्चरल इन्श्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड	• इरडा के निवेश विनियम 2016 और इरडा परिपत्र दिनांक 12 जनवरी 2017 के साथ पठित दिनांक 4 अप्रैल 2016 इरडा के परिपत्र के अनुसार निवेशों के गैर-द्विभाजन के परिणामस्वरूप ₹ 1059.63 करोड़ का पालिसीधारकों के निवेश का अधिक वर्णन और अंशधारकों के निवेशों का अल्पकथन हुआ था। • पालिसीधारकों की निधियों और अंशधारकों की निधियों के तहत उचित मूल्य परिवर्तन लेखे को विभाजित करने के इरडा के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया।

❖ सांविधिक निगम जहां सीएजी ही एकमात्र लेखापरीक्षक है

सांविधिक निगम जहां सीएजी ही एकमात्र लेखापरीक्षक है, के संबंध में सीएजी द्वारा जारी महत्वपूर्ण टिप्पणियों के विवरण नीचे दर्शाये गये है:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

i. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इसके संयुक्त उद्यमकार जोकि है दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) और मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय हवाइअड्डा लिमिटेड (एमआईएएल) से उत्पन्न राजस्व और संबंधित परिचालन, प्रबंधन एवं विकास समझौतों के अनुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को अंतरित राजस्व के भाग के सत्यापन के लिए मूल रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सका। संबंधित रिकार्ड की अनुपस्थिति में डीआईएएल एवं एमआईएएल से प्राप्त ₹ 3826.38 करोड़ के राजस्व की सत्यता को प्रमाणित नहीं किया जा सका।

ii. लेखाओं पर टिप्पणियों में दर्शाये गए अन्य आय, उपार्जित ब्याज के लिए 18 जनवरी 2017 से 31 मार्च 2017 तक की अवधि के लिए ₹ 597.00 करोड़ की सावधि जमा पर देय ₹ 6.89 करोड़ की राशि को प्रकट नहीं किया गया था।

iii. लेखाकरण नीति के प्रतिकूल डूबंत ऋण एवं संदिग्ध देय का ₹ 38.48 करोड़ अधिक कथन किया गया था।

iv. एएआई के हवाई अड्डों पर भूमि के अतिक्रमणकारियों के विस्थापन के लिए 1996-97 से 2013-14 तक निर्मित अन्य प्रावधान पुनर्वासन में ₹ 445.74 करोड़ की राशि शामिल थी। चूँकि 31 मार्च 2017 तक ऐसे प्रावधान के प्रति भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा और व्यय परिकल्पित नहीं था, इसलिए प्रावधानों की निरंतरता लेखाकरण मानक 29 - प्रावधान, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक परिसम्पत्तियों के प्रावधानों का उल्लंघन था और परिणामस्वरूप दीर्घाकाधिक प्रावधानों का अधिक कथन एवं फलस्वरूप ₹ 445.74 करोड़ के लाभ का कम कथन हुआ।

v. अन्य चालू देयताओं में निम्न विवरणों के अनुसार ₹ 25.14 करोड़ की राशि शामिल नहीं थी:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	राशि
1.	लुधियाना, पठानकोट, लेह और भुन्तर हवाईअड्डों पर सुरक्षा कार्मिक के नियोजन की देयता, बकाया वेतन/डीए का प्रावधान न करना	12.02
2.	दक्षिणी दिल्ली नगर निगम को देय कमीपूरक प्रभारों के लिए देयता का प्रावधान न करना	5.17
3.	अप्रैल 2005 से दिसम्बर 2016 तक की अवधि के लिए अमृतसर हवाईअड्डे पर सीमाशुल्क विभाग द्वारा मांगे गए लागत वसूली प्रभारों के लिए देयता का प्रावधान न करना	5.72
4.	चेन्नई निगम को देय सेवा-प्रभार के लिए देयता का प्रावधान न करना	0.92
5.	महाराणा प्रताप हवाईअड्डे, उदयपुर पर रनवे एवं सम्बन्धित कार्यों के विस्तारण एवं मजबूतीकरण के संबंध में मुआवजा देने का प्रावधान न करना	0.32
6.	मार्च 2017 में आपूर्तिकार द्वारा वितरित पुर्जों की देयता का प्रावधान न करना	0.99
	जोड़	**25.14**

vi. चालू देयताओं में निम्न के कारण ₹ 109.43 करोड़ की देयता का अधिक प्रावधान शामिल किया गया:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	राशि
1.	डीआईएएल एवं एमआईएएल से प्राप्त स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए खर्च न किए गए मुआवजे शेष के कारण देयता का समायोजन न करना	106.02
2.	पहले से भुगतान किए गए कर्मचारियों से स्रोत पर काटे गए कर की देयता का समायोजन न करना	2.65
3.	आंध्रप्रदेश सरकार द्वारा किए जाने वाला एंटी-हाईजैकिंग व्यय एएआई की देयता के तौर पर दिखाया गया	0.76
	जोड़	**109.43**

vii. मूर्त स्थिर परिसम्पत्तियों के संबंध में लेखाओं के नोट में ₹ 4.71 करोड़ की राशि शामिल की गई जिन्हें नीचे दिए गए विवरण के अनुसार एएआई के लेखा बहियों में पूँजीकृत नहीं किया जाना चाहिए था:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	राशि
1.	जयपुर हवाईअड्डे पर टैंगो टैक्सी एवं पेरोमीटर रोड पर रिकार्पेटिंग कार्य (₹ 2.58 करोड़); लेह हवाईअड्डे पर फ्लोरिंग एवं फॉल्ट सीलिंग के प्रतिस्थापन (₹ 0.48 करोड़); भुन्तर हवाईअड्डे पर स्ट्रिप की लेवलिंग एवं ग्रेडिग से संबंधित भूमि कार्य (₹ 0.22 करोड़) और जोधपुर हवाईअड्डे पर क्षतिग्रस्त बिटुमन रोड़ के ऊपर पेवर ब्लॉक्स की लागत (₹ 0.17 करोड़)।	3.45
2.	लखनऊ हवाईअड्डे पर एकीकृत ऑफिस कॉम्प्लेवस एवं फर्नीचर के लिए नागर विमानन महानिदेशक से वसूली योग्य आनुपातिक लागत	0.68
3.	विजय वाड़ा हवाईअड्डे पर ठेकेदार को दिया गया संघटन अग्रिम पर अर्जित ब्याज टर्मिनल बिल्डिंग, सेरेमोनियल लाउंज आदि के निर्माण की लागत के विरूद्ध नहीं किया गया।	0.58
	जोड़	**4.71**

viii. नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार ₹ 22.14 करोड़ की राशि मूर्त स्थिर परिसम्पत्तियों में शामिल नहीं की गई है जिसे एएआई की लेखा बहियों में पूँजीकृत करना चाहिए था:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	राशि
1.	नागंल देवत गांव के भूमि मालिकों के स्थानांतरण के लिए रंगपुरी में भूमि के विकास की लागत।	21.08
2.	जयपुर में पूर्ण बिल्डिंग कार्य की लागत (₹ 0.88 करोड़) और जम्मु हवाईअड्डे पर न्यायालय आदेशों के अनुसार बढ़ा हुआ मुआवजा और भूमि मालिकों को प्रदत्त ब्याज (₹ 0.18 करोड़)।	1.06
	जोड़	**22.14**

ix. पूँजीगत चालू कार्य (सीडब्ल्यूआईपी) पर लेखाओं पर नोट में ₹ 106.34 करोड़ की राशि शामिल की गई जो कि नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार सीडब्ल्यूआईपी में बुक नहीं की जानी चाहिए थी:

(₹ करोड़ में)

अधिनियम के अलावा, निगमित मामला मंत्रालय (एमसीए) ने कम्पनी (निगम सामाजिक दायित्व नीति) नियमावली, 2014 जारी की तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने पारदर्शिता के अवलोकन तथा चयन में सावधानी और सीपीएसई द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत कार्यकलापों के कार्यान्वयन पर दिनांक 1/8/2016 को कार्यालय ज्ञापन जारी किया।

4.2 लेखापरीक्षा उद्देश्य

लेखापरीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि क्या कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों, कम्पनी (निगम सामाजिक दायित्व) नियमावली 2014 तथा डीपीई के दिनांक 1/8/2016 के दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

- क्या सीएसआर समिति के गठन, नीति के प्रतिपादन तथा अनुपालन, निष्पादन के योजना स्तरों से संबंधित प्रावधानों, का अनुपालन किया गया है;
- क्या विनिर्दिष्ट कार्यों पर व्यय की जाने वाली निर्धारित राशि से संबधित प्रावधानों का अनुपालन किया गया है;
- क्या सीपीएसई द्वारा किये जाने वाले सीएसआर परियोजनाए अथवा कार्यक्रम, गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए एक पारदर्शी निगरानी तंत्र को संस्थागतकरण करने के लिए संबंधित प्रावधान है;
- क्या रिपोर्टिंग से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया गया है।

4.3 लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र

- मार्च 2017 तक, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के तहत 636 सीपीएसईज थे। इसमें 438 सरकारी कम्पनियां, 192 सरकारी नियंत्रण की अन्य कम्पनियां तथा 6 सांविधिक निगम सम्मिलित थे।
- वर्तमान समीक्षा में, 79 सीपीएसईज कवर किये गये थे। दो सीपीएसई[27] के संबंध में डाटा प्राप्त नहीं हुआ था। समीक्षा में 24 मंत्रालयों/विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत 77 सीपीएसईज (7 महारत्न[28], 17 नवरत्न[29] और 50 मिनीरत्न[30] श्रेणी-I, 3 मिनीरत्न श्रेणी-II[31]) कवर किये गये थे **(परिशिष्ट-VIII)**। मार्च 2017 को समाप्त एक वर्ष की अवधि समीक्षा में कवर की गई थी।

4.4 लेखापरीक्षा मापदंड

विश्लेषण निम्नलिखित मापदंडों के प्रति किया गया था:

i. कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों

ii. कम्पनी (निगमित सामाजिक दायित्व नीति) नियमावली, 2014 के प्रावधानों तथा

iii. डीपीई दिशानिर्देश का दिनांक 1/8/2016 को जारी कार्यालय ज्ञापन ।

---

[27] *एफसीआई अरावली जिप्सम और मिनरल्स इंडिया लिमिटेड और पवन हंस हैलीकॉप्टर्स लिमिटेड (पीएचएचएल)*

[28] *₹ 5000 करोड़ से अधिक औसत वार्षिक लाभ था ₹1000 करोड़ या अधिक के औसत वार्षिक निवल मूल्य या पिछले तीन वर्षों के लिय ₹2000 करोड़ या अधिक के कारोबार वाले सीपीएसई*

[29] *सीपीएसई जिन्हें पिछले पाचं वर्षों में से तीन मे समझौता ज्ञापन प्रणाली के अंतर्गत उत्कृष्ट या बहुत अच्छी रेटिंग प्राप्त हुई हो और छह पैरामीटरों के आधार पर 60 (100 में से) का समग्र स्कोर प्राप्त हुआ हो जिसमें निवल लाभ, निवल सम्पत्ति, कुल श्रमबल लागत, उत्पादन की कुल लागत, सेवा की लागत, पीबीडीआईटी (मूल्यह्रास, ब्याज और कर पूर्व लाभ), पूंजीगत लागत आदि शामिल हों और कंपनी को पहले मिनीरत्न होना चाहिये और उसके बोर्ड में 4 स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए उसके बाद ही उसे नवरत्न बनाया जा सकता है।*

[30] *सीपीएसई जिसने पिछल तीन वर्षों में लगातार लाभ अर्जित किया हो और तीन वर्षों से एक में ₹30 करोड़ या अधिक का कुल लाभ अर्जित किया हो।*

[31] *सीपीएसई जिसनें पिछले तीन वर्षों में लगातार लाभ अर्जित किया हो और सकारात्मक निवल सम्पत्ति हो।*

4.5 लेखापरीक्षा निष्कर्ष

समीक्षा के निष्कर्ष आगामी पैराग्राफों में प्रस्तुत किए गए है।

4.5.1 योजना

4.5.1.1 सीएसआर समिति का गठन

लेखापरीक्षा द्वारा समीक्षा किए गए सभी 77 सीपीएसईज ने सीएसआर समिति गठित की थी। 15 सीपीएसई ने वर्ष 2016-17 के दौरान 25 से 39 महीनों की देरी से सीएसआर समिति का गठन किया **(परिशिष्ट-IX)**।

4.5.1.2 स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(1) वर्णित करती है कि अधिनियम में निर्दिष्ट शर्तो को पूरा करने वाली प्रत्येक कम्पनी तीन या अधिक निदेशकों जिनमें से कम से कम एक निदेशक स्वतंत्र निदेशक होना चाहिए। यह पाया गया कि दो पात्र सीपीएसईज[32] के पास 2016-17 के दौरान समिति में स्वतंत्र निदेशक नहीं था।

4.5.1.3 सीएसआर तथा धारणीयता नीति बनाना

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(2) के प्रावधानों के अनुसार, एक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति बनानी चाहिये। समीक्षाधीन 77 सीपीएसईज के मामले में सीएसआर तथा धारणीयता नीति बनाई गई थी और सीएसआर समिति द्वारा संस्तुत की गई थी तथा इसे बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया था।

4.5.1.4 सीएसआर नीति में कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट अनुसार किए जाने वाले कार्यकलाप

यह पाया गया कि 77 सीपीएसईज में से पांच सीपीएसईज अर्थात इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल), एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसीएल), इंडियन रीन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीएएल), राजस्थान इलैक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल), नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनबीसीसीएल)

[32] *एमएसटीसी लिमिटेड और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल)*

की सीएसआर नीति ने कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII में विनिर्दिष्ट 11 कार्यकलापों में से किए जाने वाले कार्यकलापों को नहीं दर्शाया था।

4.5.2 सीएसआर पर व्यय की समीक्षा

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(5) में वर्णित है कि प्रत्येक कम्पनी के बोर्ड को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर नीति के अनुसरण में पिछले निरन्तर तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अर्जित कम्पनी के औसत निवल लाभों का कम से कम दो *प्रतिशत* खर्च करें, बशर्ते कि धारा 134 की उप धारा (3) के खण्ड (0) के तहत यदि कम्पनी ऐसी राशि व्यय करने में विफल होती है तो बोर्ड अपनी रिपोर्ट में निर्दिष्ट कार्यों हेतु आंवटित राशि को व्यय न करने के कारणों को उल्लिखित करेगा। वर्ष 2016-17 के दौरान, 77 सीपीएसईज ने 8840[33] परियोजनाऐं आरम्भ की और उन पर सीएसआर व्यय (पूर्व वर्ष की अग्रेनीत राशि से व्यय की गई राशि सहित) ₹ 3150.37 करोड़ था। 77 सीपीएसईज की समीक्षा से पता चला कि 66[34] लाभ अर्जन करने वाले सीपीएसई में से 49 ने पिछले निरन्तर तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कमाए कम्पनी के औसत निवल लाभों का कम से कम दो *प्रतिशत* आबंटित किया था। 13 लाभ अर्जक सीपीएसईज **(परिशिष्ट-X)** ने सीएसआर व्यय के लिए निर्धारित राशि आवंटित नहीं की थी। यद्यपि कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 135(5) घाटे में जा रही सीपीएसईज के लिये, सीएसआर पर व्यय के आवंटन की आवश्यकता उल्लिखित नहीं करती परन्तु यह देखा गया कि घाटे में जा रहे 11 सीपीएसईज में से पांच सीपीएसईज[35] ने भी सीएसआर के लिये ₹18.30 करोड़ की राशि आवंटित की थी जिसमें से वर्ष 2016-17 के दौरान आवंटित राशि में से ₹14.66 करोड़ का व्यय किया गया था। शेष 6 घाटे में जा रहे सीपीएसईज ने पूर्व वर्ष की अग्रेनीत राशि से ₹1.97 करोड़ का व्यय किया था।

---

[33] ***एनएससीएल के संबंध में परियोजना की संख्या उपलब्ध नहीं है।***

[34] ***रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, इंडिया टूरिजम डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन और नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संबंध में डाटा उपलब्ध नहीं है।***

[35] ***स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), मैंगलौर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड (एमआरपीएल), टेलीकम्यूनिकेशन्स कंस्लटेंट इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) और चेन्नई पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)।***

4.5.2.1 निधियों का उपयोग



77 सीपीएसईज में से, वर्ष 2016-17 के लिये सीएसआर कार्यकलापों पर 66 लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसईज द्वारा व्यय की गई राशि ₹ 2761.50 करोड़ की अपेक्षित राशि के प्रति ₹ 2789.78 करोड़ थी। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष (वि.व) 2016-17 के दौरान अपेक्षित राशि का 98-97 *प्रतिशत* उपयोग किया गया था। 41 सीपीएसईज का सीएसआर पर व्यय औसत वार्षिक लाभ के दो *प्रतिशत* से अधिक था, जबकि, 25 सीपीएसईज का व्यय **(परिशिष्ट-XI)** निधियों के 2 *प्रतिशत* से कम था।

4.5.2.2 पूर्व वर्ष से अग्रेनीत अव्ययित राशि

- समीक्षा के अधीन 77 सीपीएसईज में से, 39 सीपीएसईज में पूर्व वर्ष से अग्रेनीत ₹ 2438.42 करोड़ की अव्ययित राशि थी। इन सीपीएसईज में से 35 में, वर्ष 2016-17 के दौरान सीएसआर कार्यकलापों के लिये ₹ 214.12 करोड़ की राशि का उपयोग किया गया। चार सीपीएसईज अर्थात, इरेडा, ऑयल एंड नैचुरल गेस कार्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी), आईटीपीओ, साउथ ईस्टर्न कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसईसीएल) ने ₹ 1636.11 करोड़ की अग्रेनीत राशि का उपयोग नहीं किया जिसमें से केवल ओएनजीसी की अव्ययित राशि ₹ 1520.90 करोड़ थी।
- पूर्व वर्ष की अग्रेनीत अव्ययित शेष वाले 39 सीपीएसईज में से आठ[36] सीपीएसईज ने पूर्व वर्ष से अग्रेनीत अव्ययित राशि का पूर्ण उपयोग किया। छह[37] सीपीएसईज ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिये कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 135 (5) में अलग से निर्दिष्ट अनुसार अग्रेनीत राशि से वास्तविक व्यय के संबंध में विवरण नहीं बनाया था।

---

[36] *पीडीआईएल, आरईआईएल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), नूमलीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल), एसजेवीएन सेल, सीडब्ल्यूसी, भारतीय रेल खानपान और पर्यटन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी)*

[37] *भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), एनएमडीसी, एनएससीएल, भारत कोकिंग कोलफील्ड्स लिमिटेड (बीसीसीएल), डब्ल्यूएपीसीओ, गेल*

4.5.2.3 राज्य-वार सीएसआर व्यय

77 सीपीएसईज के सीएसआर पर राज्य-वार व्यय चित्र में दर्शाया गया है। यह देखा जा सकता है कि सीपीएसईज ने आंध्र प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ में ज्यादा व्यय किया, जबकि, पंजाब और पूर्वोत्तर राज्यों जैसे मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम में कम व्यय किया। विस्तृत सीएसआर व्यय, राज्य-वार **परिशिष्ट-XII** में दर्शाया गया है।



उच्च 5 सीएसआर व्यय राज्य	राशि करोड़ में
आंध्र प्रदेश	321.12
ओडीसा	268.73
उत्तर प्रदेश	224.13
गुजरात	197.17
छत्तीसगढ़	191.80

निचले 5 सीएसआर व्यय राज्य	राशि करोड़ में
मिज़ोरम	0.29
मनीपुर	0.58
नागालैंड	0.80
शिक्किम	2.34
पंजाब	3.22

4.5.3 सीएसआर कार्यकलापों का क्रियान्वयन

4.5.3.1 क्रियान्वयन योजना



डीपीई दिशानिर्देश 2014 के नियम 6(1) के अनुसार, सीपीएसईज की सीएसआर परियोजनाओं और कार्यक्रमों को सूचिबद्ध करना चाहिए जिन्हें कम्पनी अधिनियम 2013 की अनूसूचियों के अनुपालन में कम्पनी की योजना जो कार्यक्रमों और कार्यान्वयन कार्यक्रमों के लिए परियोजनायों के निष्पादन की विधियों को वर्णित करती है। डीपीई के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 1/8/2016 के पैरा 2(IV) के अनुसार "सीएसआर को कार्यान्वित करने के लिए सीपीएसईज द्वारा निगरानी, रिपोर्टिंग और मूल्यांकन के लिए संस्थागतकरण तंत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यह पाया गया था कि 77 सीपीएसईज में से 59 सीपीएस ने वर्ष 2016-17 के लिए वार्षिक सीएसआर योजना का गठन कर लिया। 41 सीपीएसईज के मामले में, परियोजनाओं हेतु कार्यान्वयन कार्यक्रम सीएसआर नीति में उल्लिखित नहीं किया गया था। एनएसआईसीएल की सीएसआर योजना में सीएसआर के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यकलापों की सूची अनुमोदित नहीं थी। 16 सीपीएसईज ने वर्ष 2016-17 के लिये कोई भी वार्षिक सीएसआर योजना तैयार नहीं की थी।

4.5.3.2 सीएसआर कार्यकलापों के क्रियान्वयन हेतु संगठनात्मक ढांचा



चार्ट 4.4 क्रियान्वयन की रूपरेखा

सीएसआर नियमावली के नियम 4(2) के अनुसार, कम्पनी का निदेशक मण्डल सीएसआर समिति द्वारा अनुमोदित अपने सीएसआर कार्यकलापों के शुरू करने का निर्णय ले सकता है,

(क) अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत कोई स्थापित कम्पनी अथवा कोई पंजीकृत ट्रस्ट अथवा पंजीकृत सोसायटी, किसी कम्पनी द्वारा स्थापित, या तो एकल रूप से अथवा किसी अन्य कम्पनी के सहयोग से अथवा

(ख) अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत स्थापित कम्पनी अथवा कोई पंजीकृत ट्रस्ट अथवा पंजीकृत सोसायटी, केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा किसी सतत्व द्वारा स्थापित किसी संसदीय अधिनियम अथवा राज्य विधान सभा के अन्तर्गत स्थापित:

सीपीएसईज द्वारा नियोजित कार्यान्वयन संगठन के प्रकार हेतु अलग-अलग रूपरेखा चार्ट संख्या 4.4 में दर्शाई गई है। लेखापरीक्षा ने देखा कि 57 सीपीएसई ने अपने क्रियान्वयन हेतु एकमात्र प्रत्यक्ष, स्वयं के फाउंडेशन, अन्य कम्पनियों/समिति/ट्रस्ट/धारा 8 कम्पनी के संयोजन से कार्यान्वयन के माध्यम को वरीयता दी, जबकि 11 सीपीएसईज ने सीएसआर कार्यकलाप करने के लिये कार्यान्वयन के एकमात्र प्रत्यक्ष माध्यम को वरीयता दी।

39 सीपीएसईज की नमूना जांच से पता चला कि वर्ष 2016-17 के दौरान बाहरी एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित कुल 1986 परियोजनाओं में से, 833 (41.94 *प्रतिशत*) परियोजनाऐं निविदा के आधार पर आवंटित की गई थीं, 727 (36.61 *प्रतिशत*) नामांकन आधार पर दी गई थीं और 426 परियोजनाऐं (21.45 *प्रतिशत*) अन्य माध्यमों से क्रियान्वित की गई थीं अर्थात सरकारी मशीनरी या समुदाय आधारित संगठन के माध्यम से, राष्ट्रीय निगमित सामाजिक दायित्व (एनसीएसआर) हब, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ

सोशल सर्विस, मुबई (टीआईएसएस) आदि के माध्यम से परियोजना/कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया गया था।

लेखापरीक्षा ने यह भी देखा कि ओएनजीसी ने, कम्पनी के सीएसआर कार्यकलापों के प्रबंधन हेतु नवंबर 2014 में ओएनजीसी फाउंडेशन नाम की ट्रस्ट बनाई और पंजीकृत की। यह देखा गया कि यद्यपि ओएनजीसी फाउंडेशन सीएसआर कार्यकलाप करने और सीएसआर परिसंपत्तियां तैयार करने के प्रबंधन हेतु बनाई गई थी, परन्तु ट्रस्ट गठित होने के 33 महीने समाप्त होने के बाद भी पूर्ण से सक्रिय नहीं है। इसके अतिरिक्त, कम्पनी की दो परिसंपत्तियां अर्थात लखीमपुर-खीरी जिला (उ.प्र) में ओएनजीसी कम्यूनिटी हॉस्पिटल और सिबसागर हॉस्पिटल जिसकी कीमत क्रमश: ₹ 4.89 करोड़ और ₹ 3.75 करोड़ थी, को ओएनजीसी फाउंडेशन की पहली बैठक (दिसंबर 2014) और बोर्ड बैठक (नवंबर 2016) में लिये गये निर्णय के बावजूद ओएनजीसी फाउंडेशन के नाम पर ट्रांसफर नहीं किया गया था (अगस्त 2017 तक)। कम्यूनिटी हॉस्पिटल के संबंध में ₹ 4.89 करोड़ का व्यय 2013-14 के दौरान राजस्व व्यय के रूप में बुक किया गया था।

प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया कि परिसंपत्ति को ओएनजीसी कम्यूनिटी हॉस्पिटल से ओएनजीसी फाउंडेशन में ट्रासंफर करने के लिये कार्रवाई की जायेगी। आगे की प्रगति प्रतीक्षित है।

4.5.3.3 बेसलाइन/आवश्यकता निर्धारण सर्वेक्षण

डीपीई दिशानिर्देशों के दिनांक 1/8/2016 के का.ज्ञा. के पैरा 2 (ii) में अपेक्षित है कि सीपीएसईज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों की जरूरत को प्राथमिकता देने और सीएसआर गतिविधियों के अन्तर्गत कार्यक्रमों/परियोजनाओं के चयन के लिए हितधारकों के साथ चयन और जुडाव के मापदंड स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो, आवश्यकताओं के अनुपालन की लेखापरीक्षा से निम्नलिखित का पता चला:

क) 77 सीपीएसईज में से 19 सीपीएसईज ने सीएसआर कार्यकलापों के चयन से पूर्व कोई भी बेसलाइन/आवश्यकता निर्धारण सर्वेक्षण नहीं किया।

ख) समीक्षा किये गये 77 सीपीएसईज में से 50 ने 2016-17 में सीएसआर योजना के अंतर्गत 3441 नई परियोजनाऐं आरम्भ की थी। इसमें से, 2804 परियोजनाओं

के लिये बेसलाइन/आवश्यकता निर्धारण सर्वेक्षण किया गया था और आरम्भ की गई कुल नई परियोजनाओं में से 637 (18.5 *प्रतिशत*) के लिये सर्वेक्षण नहीं किया गया था।

ग) ईआईएल के संबंध में, एजेंसी जिसने सीएसआर के अंतर्गत वित्तपोषण हेतु कम्पनी से संपर्क द्वारा किये गये आवश्यकता निर्धारण के आधार पर किसी भी सीएसआर कार्य और सीएसआर व्यय के चयन से पूर्व कोई भी बेसलाइन/आवश्यकता निर्धारण सर्वेक्षण नहीं किया गया था। प्रबन्धन ने अपने उत्तर (अक्तूबर 2017) में बताया कि बेसलाइन/आवश्यकता निर्धारण सर्वेक्षण ईआईएल को सम्बन्धित एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत सीएसआर प्रस्तावों का भाग बनाए गए हैं और उसके लिए मार्गनिर्देशों में कोई सुनिश्चित आवश्यकता नहीं है। तथ्य यह शेष रहता है कि सम्बन्धित एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को स्वीकार करने की अपेक्षा स्वयं कम्पनी को बेसलाइन/निर्धारण सर्वेक्षण करने हैं।

घ) वर्ष 2016-17 के दौरान, एनबीसीसी का कुल सीएसआर व्यय ₹ 7.74 करोड़ था। कम्पनी ने न तो बेसलाइन सर्वेक्षण किया और न ही अपने सीएसआर कार्यकलापों के लिये आवश्यकता निर्धारण किया। कम्पनी ने बताया कि बेसलाइन सर्वेक्षण/आवश्यकता निर्धारण में व्यय होता है और इस अध्ययन के बाद भी, जिला प्रशासन/सरकारी निकाय/किसी अन्य सरकारी एजेंसी से निर्धारित फार्मेट में घोषणा पत्र/मांग पत्र लेना अपेक्षित था। कम्पनी ने यह भी बताया कि सर्वेक्षण/निर्धारण से भूमि, संसाधन की उपलब्धता और अन्य प्रभार/रखरखाव मुद्दों के बारे में स्पष्ट नहीं होगा।

4.5.3.4 परिचालन क्षेत्र हेतु वरीयता

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 135(5) के अनुसार प्रत्येक कम्पनी का निदेशक मण्डल यह सुनिश्चित करेगा कि कम्पनी, प्रत्येक वित वर्ष में, अपने निगमित सार्वजनिक दायित्व नीति के अनुपालन में तीन तत्कालीन पूर्ववर्ती वित वर्षों के दौरान कम्पनी को हुए औसत निवल लाभ में से कम से कम दो प्रतिशत खर्च करें।

जो प्रावधान करता है कि कम्पनी को निगमित सामाजिक दायित्व कार्यकलापों के लिए निर्धारित राशि को व्यय करने के लिए स्थानीय क्षेत्र और परिचालन क्षेत्र के समीप ही वरीयता देगी।

यह देखा गया कि 77 सीपीएसईज में से 49 ने, परिचालन के स्थानीय क्षेत्र को परिभाषित किया। 24 सीपीएसईज ने अपने परिचालन का स्थानीय क्षेत्र परिभाषित नहीं किया। 77 सीपीएसईज मे से 62 ने सीएसआर निधि के व्यय हेतु अपने परिचालन क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र को प्राथमिकता दी। दस[38] सीपीएसईज ने परिचालन के स्थानीय क्षेत्र को प्राथमिकता नहीं दी। चार सीपीएसईज[39] ने बताया कि उनके पास कोई भी विशेष भौगोलिक स्थान नहीं है और इसलिये सीएसआर कार्यकलाप अखिल भारतीय आधार पर आरम्भ किया। भारत डायनामिक लिमिटेड (बीडीएल) के मामले में डाटा उपलब्ध नहीं था।

4.5.3.5 सीपीएसईज द्वारा किये गये सीएसआर कार्यकलापों पर ध्यान केन्द्रित करना

सीएसआर नियमावली 2014 के पैरा 4(1) और पैरा 6(1) के प्रावधान के अनुसार, कम्पनी को अपनी सीएसआर नीति में उल्लिखित अनुसार सीएसआर कार्यकलाप करने चाहिये अर्थात कम्पनी अधिनिमय 2013 की अनुसूची VII की सीमा के अंदर आने वाली परियोजनाऐं तथा कार्यक्रम।

77 सीपीएसईज में विभिन्न सीएसआर कार्यकलापों/क्षेत्रों पर व्यय के केन्द्र चार्ट 4.5 में दर्शाये गये हैं।



वर्ष 2016-17 के दौरान 77 सीपीएसईज द्वारा आरम्भ की गई परियोजनाओं की संख्या 8840[40] थी और उन पर सीएसआर व्यय (पिछले वर्ष की अग्रेनीत राशि से व्यय राशि सहित) ₹ 3150.37 करोड़ था। जैसा कि उपरोक्त से देखा जा सकता है,

---

[38] *गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल), आईटीपीओ, सीडब्ल्यूसी, आईआरईडीएएल, डब्ल्यूएपीसीओ, टीसीआईएल, आईआरसीटीसी, आरवीएनएल, राइट्स, पीडीआईएल*

[39] *हुडको, आरईसी, पीएफसी और पीईसी*

[40] *एनएससीएल से संबंधित परियोजनाओं की संख्या उपलब्ध नहीं है।*

शिक्षा एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और पर्यावरण सततता पर कुल व्यय क्रमश: ₹ 1036 करोड़, ₹ 826 करोड़, ₹ 417 करोड़ और ₹ 394 करोड़ था, जो सीएसआर का मुख्य क्षेत्र था। प्रौद्योगिकी उद्भवन, सशस्त्र बलों, केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित निधियों और स्लम एरिया डेवलपमेंट जैसे कम्पनी अधिनियम की अनुसूची VII में दिए गए अन्य क्षेत्रों पर केन्द्र सीमित था।

4.5.3.6 प्रशासनिक उपरिव्यय

सीएसआर नियमावली 2014 के नियम 4(6) के अनुसार, कम्पनियां अपने स्वयं के कार्मिकों के साथ-साथ अपनी कार्यान्वयन एजेंसियों के कार्मिकों का कम से कम तीन वर्षों के स्थापित ट्रैक रिकार्ड वाले संस्थानों के माध्यम से सीएसआर क्षमताओं का निर्माण कर सकेंगी लेकिन प्रशासनिक उपरिव्यय[41] सहित ऐसे व्यय एक वित्तीय वर्ष में कम्पनी के कुल सीएसआर व्यय के 5 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होना चाहिए। डीपीई दिशानिर्देश 2014 के पैरा 2.4 (xvii) में उल्लेख है कि बेसलाइन सर्वेक्षण और प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन पर होने वाला व्यय सीएसआर व्यय के प्रशासनिक उपरिव्यय के 5 *प्रतिशत* के अंदर होना चाहिए। वर्ष 2016-17 के दौरान 77 सीपीएसईज में से 55 सीपीएसईज द्वारा सीएसआर के लिए सूचित कुल व्यय कुल सीएसआर व्यय[42] का 2.52 *प्रतिशत* था। यह देखा गया कि इन 55 सीपीएसईज में से तीन सीपीएसईज अर्थात एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड (एचएलएल लाइफकेयर), राइट्स लिमिटेड (राइट्स) और बीईएल का वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए प्रशासनिक उपरिव्यय कम्पनी के कुल सीएसआर व्यय के 5 *प्रतिशत* से अधिक था।

एमसीए ने अपने स्पष्टीकरण (सितम्बर 2014) में कुल सीएसआर व्यय की सीमा से कम्पनी के वालिंटियरों के साथ-साथ नियमित सीएसआर स्टॉफ को कम्पनियों द्वारा दिए गए वेतन पर व्यय से छूट दी थी। तथापि 55 में से 26 सीपीएसईज **(परिशिष्ट-XIII)** ने सीएसआर स्टॉफ और वालिंटियरों के वेतन पर खर्चे कुल ₹ 66.60 करोड़ को प्रशासनिक उपरिव्यय के रूप में शामिल किया था। इन 26 सीपीएसईज द्वारा सीएसआर

---

[41] निगम मामले मंत्रालय की दि. 12.09.2014 की अधिसूचना द्वारा संशोधन

[42] ₹ 75.61 करोड़ के कुल सीएसआर व्यय (55 सीपीएसई के लिए) के प्रति ₹ 2996.42 करोड़

गतिविधियों पर कुल ₹ 75.61 करोड़ व्यय में सीएसआर कर्मचारियों के वेतन के प्रति व्यय किया गया था जो अस्वीकार्य था।

4.5.3.7 सीएसआर परियोजनाओं से होने वाला अधिशेष

कम्पनी (निगमित सामाजिक दायित्व नीति) नियमावली 2014 के नियम 6(2) के अनुसार "कम्पनी की सीएसआर नीति में यह विनिर्दिष्ट होना चाहिए कि सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों अथवा गतिविधियों से होने वाला अधिशेष कम्पनी के कारोबारी लाभ का भाग नहीं बनना चाहिए"।

यह देखा गया कि 77 सीपीएसईज में से 19 की सीएसआर नीति में उपरोक्त सूचना विनिर्दिष्ट नहीं थी। वर्ष 2016-17 के दौरान 77 सीपीएसईज में से छः[43] सीपीएसईज ने सीएसआर गतिविधियों से अधिशेष की सूचना दी। छः सीपीएसईज में से दो सीपीएसईज (एनएलसीएल तथा बीडीएल) के अधिशेष जैसे कम्पनी बस सेवाओं से टिकटों की बिक्री से अर्जित राजस्व और सीएसआर गतिविधियों के लिए सावधि जमा पर अर्जित ब्याज का पुनर्निवेश नहीं किया है। चार सीपीएसईज ने सीएसआर के लिए अनिवार्य 2 *प्रतिशत* आवंटन के अतिरिक्त ऐसा पुनर्निवेश किया।

एनबीसीसी के मामले में, यह देखा गया कि गुंटूर जिला, आंध्र प्रदेश में तीन सार्वजनिक शौंचालयों का निर्माण कार्य ₹ 0.59 करोड़ की राशि में एलएसएल सर्विसेज लिमिटेड (एनबीसीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी) को दिया गया था। वर्ष 2016-17 के लिये सीएसआर व्यय के विवरण से पता चला कि उपरोक्त कार्य के लिये पहले और अंतिम बिल के प्रति एनएसएल को ₹ 0.65 करोड़ दिये गये थे। तथापि, उसी कार्य के लिये ₹ 0.08 करोड़ की राशि देयता के रूप में भी दिखाई गई थी (जनवरी 2017) तथा उसे 31.03.2017 को एनएसएल को दे दिया गया था। यह देखा गया कि सीएसआर विभाग ने कम्पनी के वित्तीय विभाग को इस विसंगति के बारे में यह कहते हुये सूचित किया कि सीएसआर विभाग में ₹ 0.09 करोड़ की राशि वाला कार्य करने हेतु ऐसा कोई भी अनुरोध नहीं किया गया था (जनवरी 2017)। सीएसआर के खण्ड 2.7 और एनबीसीसी की एसडी नीति के अनुसार, बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति को सीएसआर

---

[43] ***एनएलसीएल, एचएएल, बीडीएल, आरआईएनएल, एनआरएल, एनएससीएल***

कार्यकलाप और सीएसआर कार्यकलाप पर हुये व्यय को स्वीकृत/अनुमोदित करना चाहिये। लेखापरीक्षा ने देखा कि बोर्ड के अनुमोदन या सीएसआर विभाग से अनुरोध के बिना एनएसएल को ₹ 0.09 करोड़ की राशि आवंटित की गई थी। लेखापरीक्षा आपत्ति पर प्रबंधन का उत्तर प्रतीक्षित था (फरवरी 2018)।

लेखापरीक्षा ने देखा कि नेवेली लिगनाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने टाउनशिप से परिधीय गांवों को बस से जोड कर सस्ती पहुंच उपलब्ध कराई। उस पर ₹ 1.44 करोड़ का व्यय सीएसआर व्यय के अंतर्गत बुक किया गया था। तथापि, टिकट की बिक्री से अर्जित ₹ 1.83 करोड़ के राजस्व को कम्पनी की अन्य आय के रूप में माना गया था। प्रबंधन ने बताया (दिसंबर 2017) कि 2016-17 के लिये निवल व्यय (आय और कर्मचारी लागत संमजित करने के बाद) ₹3 करोड़ था। इसमें से, जन-प्रवेश, जो नेवेली टाउनशिप की सामाजिक सुविधाओं तक सस्ती पहुंच प्रदान करने हेतु योजना है, के अंतर्गत सीएसआर के प्रति एक भाग का अंतरण किया गया है। इसके अलावा, सीएसआर कार्य से प्रत्यक्ष रूप से संबद्ध ऑटो यार्ड के व्यय, को भी सीएसआर व्यय को प्रभारित किया गया है। तथापि, तथ्य यह शेष है कि ₹ 1.83 करोड़ के राजस्व को सीएसआर आय के रूप में नहीं दर्शाया गया था।

बीडीएल के मामले में, कम्पनी ने अव्ययित राशि में से सावधि जमा में ₹ 12.04 करोड़ की राशि का निवेश किया था और उस पर ₹ 0.96 करोड़ (@8 *प्रतिशत* की दर) की राशि के अर्जित ब्याज का सीएसआर कार्यों हेतु पुनर्निवेश नहीं किया गया था।

4.5.4 सीएसआर गतिविधियों की निगरानी

4.5.4.1 सीएसआर नीति की निगरानी

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 (3-सी) प्रावधान करती है कि सीएसआर समिति को समय-समय पर कम्पनी की निगमित सामाजिक दायित्व नीति की निगरानी करनी चाहिये। लेखापरीक्षा में देखा गया था कि 76[44] में से चार सीपीएसईज अर्थात् कामराजर पोर्ट लिमिटेड (केपीएल), एनएलसीएल, एसटीसीआईएल, और आरसीआईएल की सीएसआर समिति ने सीएसआर नीति की आवधिक रूप से निगरानी नहीं की थी।

---

[44] एक सीपीएसई आईटीडीसी का डाटा उपलब्ध नहीं था।

77 सीपीएसईज में से, नौ[45] सीपीएसईज के मामले में, वर्ष 2016-17 के दौरान सीएसआर नीति में परिवर्तन अनुमोदित किये गये थे ताकि उसे कारोबार नीति और रणनीति के साथ मिलाया जा सके।

4.5.4.2 निगरानी तंत्र का गठन



सीएसआर नियमावली 2014 के पैरा 5(2) में बताया गया कि सीएसआर समिति को कम्पनी द्वारा की गई सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु पारदर्शी निगरानी तंत्र स्थापित करना चाहिये। इसके अतिरिक्त, डीपीईओएम दिनांक 01.08.2016 में सीपीएसईज के कार्यान्वयन द्वारा सीएसआर की निगरानी, रिपोर्टिंग और मूल्यांकन हेतु संस्थागत ढांचे होने के निर्देश दिये। यह देखा गया कि 77 सीपीएसईज में से छह[46] सीपीएसईज में कोई निगरानी तंत्र मौजूद नहीं था।

सीएसआर नियमावली 2014 के पैरा 6(1) में बताया गया है कि कम्पनी की सीएसआर नीति में, कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के दायरे में आने वाली वो परियोजनाऐं और कार्यक्रम जो कम्पनी ने आरंभ करने की योजना बनाई है, को निगरानी प्रक्रिया में शामिल होना चाहिये। तथापि, 77 सीपीएसईज में से, चार[47] सीपीएसईज की सीएसआर नीति में यह जानकारी शामिल नहीं थी।

गेल ने, वर्ष 2013-14 के लिये ₹ 3.13 करोड़ के अंशदान के माध्यम से झाबुआ, मध्य प्रदेश में गांवों में जलधर इंटीग्रेटेड वाटरशेड डिवेलपमेंट और मैनेजमेंट कार्यक्रम नामक सीएसआर परियोजना का वित्तपोषण करने के लिये कम्यूनीटी फ्रेंडली मूवमेंट (सीएफएम) के साथ जुलाई 2013 में दो करार किये। इसके बाद, अप्रैल 2014 में, परियोजना को 2014 से 2018 तक जारी रखने के लिये सीएफएम के साथ एक और करार हस्ताक्षरित

---

[45] *बीईएल, बीडीएल, बॉमर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएलसीएल), एनबीसीसीएल, आईटीडीसी, ओआईएल, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), बीपीसीएल, पीडीआईएल*

[46] *एमआरपीएल, एनएलसीएल, आईटीडीसी, एसीएल, एनएससीएल, आरवीएनएल*

[47] *एमएसटीसीएल, आईटीडीसी, आईओसीएल, एसीएल*

किया गया था, जिसमें ₹ 12.50 करोड़ का कुल अंशदान था। करार की शर्तों के अनुसार, 6 वाटरशेड, फ्लुराइड मिटिगेशन यूनिट और 100 शौचालय मार्च 2017 तक पूर्ण रूप से तैयार किये जाने थे। लेखापरीक्षा ने देखा कि यद्यपि 40 वाटरशेड्स और 4 फ्लोराइड मिटिगेशन इकाइयों से संबंधित कार्य पूरे हो गये थे लेकिन मार्च 2017 तक कोई भी शौचालय नहीं बनाए गए थे। जबकि सीएफएम ने ठोस परिसंपत्तियों के सृजन के प्रति कुल लागत का 62.4 *प्रतिशत* बजट प्रदान किया था, फिर भी इसने केवल 30 *प्रतिशत* परिसंपत्तियों के सृजन पर और बाकी 70 *प्रतिशत* अन्य गतिविधियों पर खर्च किया था। व्यय के पृथक्करण के अभाव में गेल विभिन्न परिदेयों के लिए खर्च की गई लागत की व्यवहार्यता का निर्धारण नहीं कर सका। आपत्ति पर प्रबंधन का उत्तर प्रतीक्षित था (दिसम्बर 2018)।

4.5.4.6 उपयोगिता प्रमाणपत्र

डीपीई ओएम दिनांक 01.08.2016 के अनुसार वर्ष हेतु आबंटित सीएसआर निधियों के पूर्ण उपयोग हेतु सीपीएसईज द्वारा सभी प्रयास किये गये।

लेखापरीक्षा में समीक्षा किए गए 77 सीपीएसईज में से 9[48] सीपीएसईज के मामले में, यह देखा गया कि कम्पनी द्वारा उपयोगिता प्रमाणपत्र की प्राप्ति को मॉनीटर नहीं किया जा रहा था। 10[49] सीपीएसईज के मामले में, पूर्व आबंटन के उपयोग का सत्यापन किए बिना निधियों को जारी किया गया था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि सदस्य सगठंनो के रूप में अन्य सीपीएसईज अर्थात गेल, आईओसीएल, ओआईएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, ईआईएल, सीपीसीएल तथा एमआरपीएल के साथ ओएनजीसी ने भारतीय हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में कौशल विकास के प्रमुख उद्देश्य से एक हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी) की स्थापना के लिए प्रथम किश्त के रूप में ₹ 4.34 करोड़ की कुल राशि का योगदान दिया (31.07.2017 तक)। ऑयल पीएसई द्वारा विकसित किए जा रहे छः कौशल विकास संस्थानों को राष्ट्रीय कौशल

---

[48] *सीपीसीएल, एनएलसीएल, एमईसीओएन, एससीआईएल, आरसीएफएल, एनबीसीसी, एसटीसीआईएल, एनएससीएल, आरसीआईएल*

[49] *केपीएल, एनएलसीएल, आरईआईएल, बीईएमएल, एमडीएनएल, एमईसीओएन, एमएसटीसी, एससीआईएल, एनबीसीसी, एनएससीएल*

विकास परिषद (एनएसडीसी) से पाठ्यक्रमों के प्रमाणपत्र के लिए एचएसएससी के साथ संबद्ध होना अपेक्षित है। यह पाया गया कि एचएसएससी तथा एनएसडीसी के बीच करार को अभी हस्ताक्षरित किया जाना था (सितम्बर 2017)। इसके अलावा, एचएसएससी ने अभी तक (सितम्बर 2017) केवल ₹ 0.09 करोड़ का उपयोग किया है। तथापि, ₹ 4.25 करोड़ की अव्ययित राशि को उक्त सीपीएसईज द्वारा सीएसआर व्यय के रूप में सूचित भी किया गया। ओएनजीसी के प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया कि परियोजना तथा व्यय की स्थिति की चर्चा करने के लिए नियमित अन्तराल पर शासन परिषद की बैठके आयोजित की गई थी।

4.5.4.4 अपात्र सीएसआर गतिविधियां

कम्पनी निगम सामाजिक दायित्व नियमावली 2014 के नियम 4(4) के प्रावधानों के अनुसार, भारत में आरम्भ की गई सीएसआर परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम अथवा गतिविधियां केवल सीएसआर व्यय करती है। नियम 4(5) बताता है कि सीएसआर परियोजनाएं/कार्यक्रम/गतिविधियां जो केवल कम्पनी के कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के लिए लाभदायक है, पर सीएसआर गतिविधियों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। सीएसआर नियमावली का नियम 4(7) बताता है कि किसी राजनीतिक पार्टी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी राशि के योगदान पर सीएसआर गतिविधि के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। 77 सीपीएसईज द्वारा की गई गतिविधियों की योग्यता की समीक्षा से निम्नलिखित का पता चला:

- एनएलसीएल के मामले में, लेखापरीक्षा ने पाया कि एक पुस्तक मेला कार्यक्रम पर ₹ 0.45 करोड़ की राशि व्यय की गई है जो दिनांक 18.06.2014 तथा 12.01.2016 के एमसीए के उस परिपत्र के अनुसार नहीं थी जो यह बताता है कि एक ऑफ इवेंट को सीएसआर व्यय के भाग के रूप में योग्यता प्राप्त नहीं होगी। प्रबंधन ने बताया (नवम्बर 2017) कि पिछले 19 वर्षों से निरन्तर पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा था तथा राज्य में द्वितीय सबसे बड़े पुस्तक मेले में आसपास के गांवों के विद्यालयों से रोज लगभग 1000 से 1500 विद्यार्थी आते थे। तथापि पुस्तक मेला एमसीए के प्रावधानों के अनुसार नहीं था तथा इसीलिए व्यय सीएसआर व्यय के रूप में पात्रता नहीं रखता है।

- सेल ने वो गतिविधियां आरम्भ की थी जो केवल कम्पनी के कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के लिए लाभदायक थी। सीएसआर नियमावली 2014 के नियम 4(5) के तहत ये गतिविधियां सीएसआर गतिविधियों के प्रति संगणित होने के योग्य नहीं थी। गतिविधियों में निम्नलिखित सम्मिलित था (i) 2016-17 के दौरान ₹ 0.13 करोड़ की लागत पर इस्पात टाउनशिप के अन्दर तथा उसके आसपास प्लास्टिक अपशिष्ट को हटाने का कार्य करना, (ii) 2016-17 के दौरान ₹ 0.90 लाख की लागत पर दुर्गापुर म्यूजियम का परिचालन एवं अनुरक्षण, तथा (iii) 2016-17 के दौरान ₹ 0.08 करोड़ की लागत पर बीएसएल स्कूल बिल्डिंग का अनुरक्षण। प्रबंधन ने बताया (सितम्बर 2017) कि उक्त परियोजनाओं/गतिविधियों को वार्षिक सीएसआर बजट योजना 2016-17 के अनुसार सेल बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया तथा यह कम्पनी अधिनियम की अनुसूची VII में सूचीबद्ध गतिविधियों अर्थात् स्वच्छता, पर्यावरण, स्थायित्व, राष्ट्रीय परिसम्पत्ति, कला तथा संस्कृति की सुरक्षा, शिक्षा के सवंर्धन के व्याख्या में आते हैं। प्रबंधन का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इन व्यय के अधिकतर लाभार्थी कर्मचारी तथा उनके परिवार थे, इसलिए परिवार गतिविधियों की देखभाल इस्पात संयंत्र द्वारा व्यवसाय की सामान्य उपक्रम में की जानी थी।

- गुजरात सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान की यादगार के लिए 'सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट (एसवीपीआरईटी)' नामक गुजरात संगठन के माध्यम से 'स्टेचू ऑफ यूनिटी' नाम की परियोजना लागू की। अक्तूबर 2018 तक पूर्ण होने के लक्ष्य के साथ ₹ 2989 करोड़ की कुल परियोजना लागत पर लार्सन एंड टूब्रो लि. को अक्तूबर 2014 में कार्य के लिए ठेका दिया गया था। विस्तृत प्रस्ताव के अनुसार, परियोजना में निम्नलिखित का निर्माण सम्मिलित था (i) सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची कांस्य परत की प्रतिमा जोकि विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा होगी, (ii) मेमोरियल तथा विजिटर केन्द्र, गार्डन तथा (iii) 'श्रेष्ठ भारत भवन' नाम का सम्मेलन केन्द्र। ट्रस्ट ने पांच सीपीएसईज अर्थात् ऑयल एवं प्राकृतिक गैस कॉरपोरेशन, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा ऑयल इंडिया लिमिटेड से परियोजना में भाग लेने तथा अधिक निधियों का योगदान करने के लिए सम्पर्क किया

क्योंकि वर्ष 2016-17 में निधियों में ₹ 780 करोड़ तक की कमी थी। इसके पश्चात, सभी पांच सीपीएसईज ने सीएसआर के तहत इस परियोजना के प्रति कुल ₹ 146.83 करोड़ (ओएनजीसी ₹ 50 करोड़, आईओसीएल ₹ 21.83 करोड़, बीपीसीएल, एचपीसीएल, ओआईएल प्रत्येक ₹ 25 करोड़) का योगदान दिया। इस गतिविधि को अनुसूची VII की मद (V) अर्थात राष्ट्रीय ऐतिहासिक परिसम्पतियों, कला तथा संस्कृति का सरंक्षण के अन्तर्गत दर्शाया गया। इस परियोजना के प्रति योगदान कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर गतिविधि के रूप में पात्रता नहीं रखता क्योंकि यह एक ऐतिहासिक परिसम्पत्ति नहीं थी।

ओएनजीसी के प्रबंधंन ने बताया है कि परियोजना में शिक्षा संवर्धन, भरूच तक नर्मदा नदी के किनारों का विकास आदि जैसी गतिविधियां सम्मिलित थी। व्यय ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। बीपीसीएल, एचपीसीएल एवं आईओसीएल के प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया कि एमसीए द्वारा जारी परिपत्र सं. 21/2014 के अनुसार उन्होंने कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII में उल्लिखित विषयों के सार लेने के लिए गतिविधि का प्राथमिकता से वर्णन किया।

यह पाया गया कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट (एसवीपीआरईटी) को ट्रस्ट के कोष के प्रति योगदान के रूप में ₹ 50 करोड़ की सम्पूर्ण राशि दी गई है। व्यय ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। तथ्य यह है कि प्रतिमा के निर्माण के प्रति योगदान कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर गतिविधि के रूप में पात्र नहीं था।

- गेल ने आरयूएचएस में 'केथ लेब' की स्थापना के लिए ₹ 3 करोड़ के वित्तपोषण हेतु राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) के साथ एक करार किया (दिसम्बर 2012)। करार अवधि 1 जून 2013 से 30 जून 2014 तक थी। करार की शर्तो के अनुसार, मद की लागत के 50 *प्रतिशत* अथवा मदों हेतु भुगतान किए गए अग्रिम जो भी कम हो, की पहली किश्त को बुकिंग हेतु मोबिलाइजेशन अग्रिम के रूप में मद के बीजक की प्रस्तुति पर रिलीज किया जाना चाहिए। गेल ने अपेक्षित दस्तावेजो की प्रस्तुति के बिना 15 फरवरी 2014 को ₹ 1.50 करोड़ की प्रथम किश्त

जारी की। अग्रिम की प्राप्ति के पश्चात भी, आरयूएचएस ने परियोजना पर कोई कार्रवाई आरम्भ नहीं की तथा गेल के पत्राचार का भी कोई जवाब नहीं दिया।

लेखापरीक्षा ने पाया कि बीजक की प्रस्तुति के प्रति अग्रिम जारी करने के लिए करार की स्पष्ट शर्तों के बावजूद, कम्पनी ने अपने वित्तीय हितों की रक्षा किए बिना करार के प्रावधानों का उल्लंघन करके अग्रिम जारी किया। इसके परिणामस्वरूप तीन वर्षों के लिए ₹ 1.50 करोड़ का अवरोधन हुआ जो भुगतान किए गए अग्रिम की उगाही तक जारी रहेगा। प्रबंधन ने उत्तर दिया (दिसम्बर 2017) कि प्रथम किश्त निधि मांग पत्र तथा प्रोफॉर्मा बीजक की प्राप्ति पर आरयूएचएस को जारी की गई। इसके अलावा, प्रतिदाय के मामले को राज्य सरकार के सभी उच्चतम स्तरों तक उठाया गया है, यह अभी प्राप्त नहीं हुआ है। प्रबंधन का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि आरयूएचएस को ई-टेंडरिंग के आधार पर चयनित आपूर्तिकर्त्ताओं के साथ एक दृढ़ ठेके के प्रमाण के बिना ₹ 1.50 करोड़ जारी किए गए तथा अनुबंध के अनुसार बुकिंग अग्रिम/बीजक की प्राप्ति के परिणामस्वरूप सीएसआर परियोजना उद्देश्यों की प्राप्ति के बिना तीन से अधिक वर्षों के लिए निधियों का अवरोधन हुआ।

4.5.5 सीएसआर कार्यकलापों पर रिपोर्टिंग और स्थिरता

4.5.5.1 सीएसआर समिति की संरचना का प्रकटीकरण



कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(2) के अनुसार, बोर्ड की रिपोर्ट में निगमित सामाजिक दायित्व समिति की संरचना प्रस्तुत की जानी चाहिए।

लेखापरीक्षा ने देखा कि अपनी बोर्ड रिपोर्ट में सभी 77 सीपीएसईज की अपेक्षित सूचना प्रकट की।

4.5.5.2 सीएसआर की विषयवस्तु प्रदर्शित करना

सीएसआर नियमावली 2014 के पैरा 9 के अनुसार, कम्पनी के निदेशक मण्डल को अपनी रिपोर्ट में सीएसआर नीति की विषयवस्तु प्रस्तुत करनी चाहिये और उसे कम्पनी

की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाना चाहिये। 77 सीपीएसईज में से नौ[50] सीपीएसईज ने अपनी बोर्ड की रिपोर्ट में सीएसआर नीति की विषय वस्तु प्रकट नहीं की। बीडीएल नाम के एक सीपीएसईज ने अपनी वेबसाइट पर सीएसआर नीति की विषयवस्तु प्रदर्शित नहीं की है।

4.5.5.3 बोर्ड की रिपोर्ट में सीएसआर पर वार्षिक रिपोर्ट का समावेशन

सीएसआर नियमावली 2014 के पैरा 8(1) के अनुसार, कम्पनी की बोर्ड की रिपोर्ट में निर्धारित प्रोफॉर्मा में सीएसआर पर एक वार्षिक रिपोर्ट सम्मिलित होनी चाहिए। यह देखा गया कि तीन सीपीएसईज जहां डाटा उपलब्ध नहीं था (केपीएल, एनएलसीएल तथा आईआरईडीएएल), को छोड़कर सभी सीपीएसईज में उनकी बोर्ड की रिपोर्ट में सीएसआर पर वार्षिक रिपोर्ट सम्मिलित थी। एक सीपीएसईज (एसीएल) के मामले, में, बोर्ड की रिपोर्ट में सम्मिलित एक वार्षिक रिपोर्ट सीएसआर नियमावली 2014 के तहत निर्धारित प्रारूप में नहीं थी।

सीएसआर नियमावली 2014 के अनुबंध में, यह अपेक्षित था कि बोर्ड की रिपोर्ट में सीएसआर समिति का यह एक दायित्व व्याख्यान सम्मिलित होगा कि सीएसआर नीति का क्रियान्वयन तथा मॉनीटरिंग कम्पनी के सीएसआर उद्देश्यों तथा नीति के अनुपालन में था। यह पाया गया कि 4[51] सीपीएसईज की बोर्ड रिपोर्ट ने बोर्ड की रिपोर्ट में सीएसआर समिति के दायित्व विवरण को सम्मिलित नहीं किया।

4.5.5.4 अव्ययित राशि की रिपोर्टिंग

समीक्षाधीन लाभ कमाने वाले 63[52] सीपीएसईज में से, 41 सीपीएसईज ने वर्ष 2016-17 में सीएसआर की निर्धारित राशि का पूर्ण रूप से उपयोग किया। शेष 22 सीपीएसईज में से 21 सीपीएसईज ने बोर्ड की रिपोर्ट में कारण [53] वर्णित किए। एक सीपीएसईज अर्थात ईआईएल ने वर्ष 2016-17 में निर्धारित राशि का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया। वर्ष

---

[50] *एनएमडीसी, आरआईएनएल, एमएसटीसीएल, एनएसआईसीएल, ओआईएल, एसईसीएल, डब्ल्यूसीएल, आरईआईएल, एसीएल*

[51] *बीसीसीएल, डब्ल्यूसीएल, एसीएल, आरआईटीईएस*

[52] *तीन सीपीएसई अर्थात् आईटीपीओ, सीडब्ल्यूसी तथा हुडको के मामलें में डाटा उपलब्ध नहीं है।*

[53] *बहुवर्षीय परियोजनाओं के लिए क्रियान्वयन एजेंसी को बजट अग्रानीत किया गया परन्तु व्यय नहीं किया गया जो परियोजना प्रस्तावों आदि में नए क्षेत्रों तथा आगामी परिवर्तनों का अन्वेषण करता है*

2016-17 के लिए अव्ययित राशि ₹ 8.13 करोड़ थी। तथापि बोर्ड की रिपोर्ट में कम उपयोग के कारण सूचित नहीं किए गए थे।

4.5.5.5 अन्य कम्पनियों के साथ मिलकर कार्य करना

सीएसआर नियमावली 2014 का नियम 4(3) वर्णित करता है कि ''कम्पनी परियोजनाओं या काय्रक्रमों या सीएसआर गतिविधियों को करने के लिए अन्य कम्पनियों की इस प्रकार से सहायता कर सकती है कि सम्बंधित कम्पनियों की समितियां ऐसी परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर पृथक रूप से रिपोर्ट देने की स्थिति में हो''।

यह पाया गया कि 77 सीपीएसईज में से 49 ने अन्य कम्पनियों के साथ मिलकर कार्य किया था; यद्यपि 36 सीपीएसईज की सीएसआर समितियों ने ऐसी परियोजनाओं/ कार्यक्रमों पर पृथक रूप से रिपोर्ट नहीं की।

4.5.5.6 कारोबार की सामान्य अवधि के अनुसरण में की गई सीएसआर गतिविधियां

सीएसआर नियमावली 2014 के नियम 4(1) के अनुसार, ''सीएसआर गतिविधियां अपने सामान्य कारोबार के अनुसरण अंतर्गत गतिविधियों को छोड़कर बताई गई सीएसआर नीति, परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों (या तो नई या चालू) के अनुसार कम्पनी द्वारा सीएसआर गतिविधियों का पूरा किया जाएगा।'' लेखापरीक्षा ने यह भी देखा कि सीएसआर प्रस्तावों के एक भाग के रूप में ओएनजीसी ने अपने हजीरा संयंत्र में मैनग्रोव प्रत्यावर्तन तथा सरंक्षण के लिए 2013-14 से 2016-17 तक की समयावधि के दौरान ₹ 0.38 करोड़ का व्यय किया था। उक्त परियोजना का प्रस्ताव वर्णित करता है कि ओएनजीसी का हजीरा संयंत्र सूरत के तटीय क्षेत्र में स्थित था। हजीरा कैम्पस के निकट की मिट्टी भारी मृदा क्षरण के अधीन थी जो हजीरा कैम्पस के लिए एक चेतावनी देती थी। अत: हजीरा संयंत्र में मैनग्रोव वृक्षारोपण करने का प्रस्ताव दिया गया। तथापि कम्पनी ने सीएसआर की धारा 4(1) में निहित निर्देशों के उल्लंघन में समान्य उपक्रम व्यय के रूप में इसे दर्शाने की बजाय सीएसआर व्यय के रूप में उक्त व्यय की सूचना दी थी।

4.5.6 सीएसआर गतिविधियों का प्रभाव आकलन

डीपीई ओएम दिनांक 01.08.2016 के पैरा 2(v) के अनुसार "सीएसआर को कार्यान्वित कर सीपीएसईज द्वारा संस्थागत निगरानी, रिपोर्टिंग और मूल्यांकन हेतु संस्थागत तंत्र आरंभ किया जाना चाहिए।" 51 सीपीएसईज की नमूना जांच से निम्नलिखित का पता चला:

क) सभी 51 सीपीएसईज ने एकसाथ कुल 454 परियोजनाओं के लिए प्रभाव आकलन अध्ययन किया था। इनमें से, 259 (57.05 *प्रतिशत*) परियोजनाओं का प्रभाव आकलन अध्ययन इन हाउस किया गया तथा 195 (42.95 *प्रतिशत*) परियोजनाओं के लिए बाह्य एजेंसियों के माध्यम से प्रभाव आकलन अध्ययन किया गया। तेरह सीपीएसईज ने प्रभाव आकलन पर ₹ 0.93 करोड़ का व्यय सूचित किया था। 77 सीपीएसईज में से 35[54] ने मध्य-अवधि सुधार पर विचार करने के लिए चालू सीएसआर परियोजनाओं के लिए प्रभाव आकलन किया।

ख) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के मामले में, सीएसआर बोर्ड समिति ने अनुसंधान एवं औद्योगिक स्टाफ निष्पादन केन्द्र (सीआरआईएसपी) के माध्यम से ₹ 2.44 करोड़ की अनुमानित लागत पर सीएसआर के तहत भोपाल तथा फरीदाबाद में 600 युवाओं के लिए रोजगार उन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण करने के लिए प्रस्ताव को अनुमोदित किया (12 अगस्त 2014)। ईआईएल तथा सीआरआईएसपी के बीच जुलाई 2015 को समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट (04.06.2016) से पता चला कि 600 प्रशिक्षित अभ्यर्थियों में से केवल 450 अभ्यर्थियों का पता लगाया जा सकता था तथा शेष 150 अभ्यर्थियों और उनकी रोजगार योग्यता की स्थिति का प्रशिक्षण की पूर्णता के माह के अन्दर भी पता नहीं लगाया जा सका जो अभ्यर्थियों की अपर्याप्त मॉनीटरिंग तथा ट्रैकिंग को दर्शाता था।

प्रबंधन ने अपने उत्तर में बताया कि 750 अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण हेतु एमओयू जुलाई 2015 में हस्ताक्षरित किया गया तथा अभ्यर्थियों ने ₹ 7000 प्रति माह औसत वेतन प्राप्त किया। 150 अभ्यर्थियों के विवरण की अनुपलब्धता पर प्रबंधन का उत्तर

[54] *बीएलसीएल और एमडीएसएल के संबंध में डाटा उपलब्ध नहीं है*

मौन है। प्रबंधन का ₹ 7000 वेतन के संबंध में उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित (₹ 8797 प्रति माह) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा (अक्तूबर/नवम्बर 2015) में (₹ 8810 प्रति माह) न्यूनतम मजदूरी का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है।

क) हॉस्पिटैलिटी कौशन विकास विद्यालय (एसएसडीएच) ने बेरोजगार युवाओं को हॉस्पिटैलिटी में कौशल विकास परियोजना के लिए बेसलाइन रिपोर्ट के साथ सीएसआर के तहत निधियन तथा उनका रोजगार/स्व-रोजगार सुनिश्चित करने के लिए गेल को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया (मार्च/अप्रैल 2015)। गेल ने ₹ 1.08 करोड़ की लागत पर एसएसडीएच के साथ एक करार किया (जून 2015)। कार्यक्रम की पूर्णता पर, ₹ 1.08 करोड़ का सम्पूर्ण भुगतान जारी किया गया। लेखापरीक्षा ने पाया कि:

i. एसएसडीएच द्वारा प्रस्तुत बेसलाइन रिपोर्ट ने होटल तथा रेस्टोरेंट के लिए 40-50 *प्रतिशत* और खाद्य सेवाओं के लिए 90-100 *प्रतिशत* तक अधिक आरोपण दर दर्शाई। इस अधिक आरोपण दर के बावजूद, गेल ने पूर्वोक्त परियोजना का वित्तपोषण किया।

ii. परियोजना के प्रभाव आकलन से यह पता चला कि दो माह के लिए प्रशिक्षित 500 युवाओं में से 125 प्रशिक्षार्थियों के नमूने में रोजगार दर बहुत कम थी क्योंकि वर्तमान में केवल 36 रोजगार में लगे हुए थे। अधिकतर प्रशिक्षार्थियों ने अपने रोजगार में तय भत्तो का केवल एक छोटा भाग प्राप्त किया तथा कुछ को भुगतान के बिना रखने के तीन माह पश्चात् नौकरी से निकाल दिया गया। छोटी दुकानों में भी प्लेसमेंट को सुरक्षित किया गया, उसके कारण प्रशिक्षण असंगत हुआ। इस प्रकार, अधिक अपघर्षण उद्यम के लिए वित्त को बढ़ाने के निर्णय के फलस्वरूप अपेक्षित प्रभाव की प्राप्ति नहीं हुई। प्रबंधन ने उत्तर दिया कि उन्होंने कार्यक्रम में 99% उत्तीर्ण प्रतिशतता प्राप्त की तथा 22 सगंठनो की एक सूची दी है जिसमें विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर दिए गए थे। प्रबंधन के उत्तर ने उद्यम की अधिक अपघर्षण दर तथा पश्च प्रशिक्षण प्लेसमेंट *प्रतिशत* की संतोषजनक प्राप्ति में विफलता के बावजूद परियोजना के वित्तपोषण के संबंध में आपत्ति का समाधान नहीं किया है।

चयनित सीपीएसईज द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम.सं.	सीपीएसईज का नाम	किए गए महत्वपूर्ण कार्य
1.	ओएनजीसी	ओएनजीसी ने ऑरोविल्ले संस्थान को स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 5592 विद्यालयों में निर्मित शौचालयों के अनुरक्षण का कार्य सौंपा। ट्रस्ट ने विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा उन समुदायों के बीच व्यवहारवादी परिवर्तन लाने तथा स्वास्थ्य स्वच्छता व्यवहार में लाने के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) कार्य किया था जहां ओएनजीसी ने शौचालयों के निर्माण तथा/अथवा मरम्मत का निधियन किया है। इस हस्तक्षेप से विद्यालयों में सभी शौचालयों के अनुरक्षण की आदत डालकर यह सुनिश्चित करने के लिए तंत्रो को संस्थागत करना था कि वे एक स्थायी तरीके से स्वच्छ रहे।
2.	बीपीसीएल	मोखड़ा में वर्षा जल संग्रहण के एक भाग के रूप में, बीपीसीएल ने 'बूंद' परियोजना आरम्भ की थी। इस परियोजना का ध्यान 21 आदिवासी गांवों को जल की कमी वाले क्षेत्र से जल बहुलता वाले क्षेत्र में परिवर्तित करना है।
3.	ओआईएल	ओआईएल ने स्थाई आय सृजन के लिए आजीविका आधारित समूह के लिए इसके व्यवधान के रूप में अरूणाचल प्रदेश में 'ऑयल जीविका' परियोजना आरम्भ की थी। 2016-17 में आरम्भ की गई परियोजना का लक्ष्य कौशल विकास प्रदान करना तथा मधुमक्खी पालन एवं शहद संसाधन, सरसो, बक-व्हीट एवं स्थानीय दाल संसाधन पर 400 लक्षित परिवारों को उन्नत प्रशिक्षण के साथ-साथ आय के वैकल्पिक साधन के सृजन के लिए उनको हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करना तथा आत्मनिर्भर रहने वाले आजीविका समूह की स्थापना करना था। ऑयल इंडिया ग्रामीण विकास सोसाइटी (ओआईआरडीएस) के तहत तिनसुकिया तथा डिब्रूगढ़ जिलो के ओआईएल के परिचालनात्मक क्षेत्रो से वि.व. 2016-17 में 12 नए गांवों को (2400 बीघा में सली फसल तथा 1105 बीघा में रबी फसल) लिया गया था।

क्रम.सं.	सीपीएसईज का नाम	किए गए महत्वपूर्ण कार्य
4.	एचपीसीएल	विशेष बच्चों के लिए उनकी सहायता के रूप में, एचपीसीएल ने महाराष्ट्र में परियोजना 'एडेप्ट' आरम्भ की है। इस परियोजना के तहत 315 विशेष बच्चों को शिक्षा तथा कौशल विकास के साथ चिकित्सा संबंधी सहायता दी गई थी। आंध्र प्रदेश राज्य में आरम्भ की गई परियोजना नन्ही कली के तहत विशेषाधिकृत परिवारों की 12000 लड़कियों को अकादमिक, सामग्री तथा सामाजिक सहायता के माध्यम से गुणवत्ता शिक्षा प्रदान की गई।
5.	पीजीसीआईएल	कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश राज्यों में किसान-केन्द्रित समेकित वाटर-शेड प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण आजीविका सुधारने के लिए उनके हस्तक्षेप के रूप में, कम्पनी ने 45000 क्यू.मी. वर्षा जल के सरंक्षण का 12000 क्यू.मी. संग्रहण क्षमता का विकास किया। इसके परिणामस्वरूप फसल उत्पादकता में लगभग 10-22 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
6.	सीआईएल	प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर सोसाइटी के साथ मिलकर, कम्पनी ने झारखण्ड तथा असम के नक्सली तथा विप्लव प्रभावित जिलो में अधिकारहीन बच्चो तथा युवाओं पर विशेष ध्यान केन्द्रण के साथ समुदाय आधारित समेकित कार्यक्रम के लिए पहल आरम्भ की थी।

4.6 निष्कर्ष

लेखापरीक्षा में समीक्षा किए गए अधिकतर 77 सीपीएसईज ने सीएसआर समिति के निर्माण, समिति की सरंचना, स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति तथा सीएसआर नीति के निर्माण से संबंधित कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों का अनुपालन किया।

लाभ कमाने वाले 66 सीपीएसईज (62 *प्रतिशत*) में से 41 सीपीएसईज के निदेशक मण्डल ने यह सुनिश्चित किया कि सीएसआर गतिविधियों के लिए अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित निधियों को पूर्ण रूप से व्यय किया गया था। तथापि, 25 लाभ कमाने वाले सीपीएसईज (38 *प्रतिशत*) के बोर्ड ने ऐसा सुनिश्चित नहीं किया। व्यय में कमी निर्धारित राशि के 0.61 *प्रतिशत* से 100 *प्रतिशत* के बीच थी। सोलह सीपीएसईज ने वार्षिक सीएसआर योजना नहीं बनाई थी। उन्नीस सीपीएसईज ने सीएसआर गतिविधियों के चयन से पूर्व कोई बेसलाइन/आवश्यकता निर्धारण सर्वेक्षण नहीं किया। दस सीपीएसईज ने स्थानीय क्षेत्रो को प्राथमिकता नहीं दी थी। अधिकतर सीपीएसईज ने अपने सीएसआर कार्य के रूप में शिक्षा तथा कौशल विकास, हैल्थकेयर, ग्रामीण विकास तथा पर्यावरण स्थिरता पर ध्यान केन्द्रित किया। यह पाया गया कि पांच सीपीएसईज ने सीएसआर कार्यो की मॉनीटरिंग के लिए बोर्ड बैठक आयोजित नहीं की थी। यद्यपि एमसीए ने सीएसआर की परिधि में से वेतन घटक को अलग रखने का निर्देश दिया था। तथापि, 25 सीपीएसईज ने सीएसआर व्यय के रूप में सीएसआर कार्य में सम्मिलित कर्मचारियों के वेतन को सम्मिलित किया। सीपीएसईज में एमआईएस सिस्टम के कई मामलों में सुधार की आवश्यकता थी।

अध्याय में निगमित मामले और सार्वजनिक उद्यम विभाग मंत्रालय के उत्तर प्रासंगिक पैराग्राफ में जोड़े गये हैं।

अध्याय V

प्रशासनिक मंत्रालयों एवं सीपीएसईज़ के बीच समझौता ज्ञापन का विश्लेषण

5.1 प्रस्तावना

समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रशासनिक मंत्रालय और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसईज़) प्रबंधन के बीच वित्तीय वर्ष शुरू होने से पूर्व लक्ष्य निर्धारण हेतु आपसी सहमति करार है और इसका आशय इन लक्ष्यों के प्रति सीपीएसईज़ के निष्पादन का मूल्यांकन करना है। इसमें सीपीएसईज़ और सरकार की मंशा, उनके दायित्व और आपसी जिम्मेदारियाँ निहित होती हैं तथा नियंत्रण एवं प्रक्रियाओं के द्वारा संचालन के बजाए परिणामों तथा लक्ष्यों द्वारा सीपीएसईज़ प्रबंधन के सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित है। सीपीएसईज़ की सहायक कम्पनियों को अपनी धारक कम्पनियों के साथ एमओयूज़ पर हस्ताक्षर करना होता है।

5.2. संस्थागत व्यवस्था

सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई) सीपीएसईज़ और प्रशासनिक मंत्रालयों के बीच एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करता है और सीपीएसईज़ प्रबंधन के निष्पादन के मूल्यांकन करने का एक तंत्र प्रदान करता है। यह एक प्रणाली प्रदान करता है जिसके माध्यम से एमओयू लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं और वर्ष के अंत में दोनों पक्षों की प्रतिबद्धताओं का मूल्यांकन किया जाता है। संस्थागत व्यवस्थाएं एवं उनके अंतर्संबंध इस प्रकार हैं:

- **उच्चाधिकार प्राप्त समिति:** सर्वोच्च स्तर पर, कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) अंतिम मूल्यांकन का अनुमोदन करती है जो कि यह स्पष्ट करता है कि दोनों पक्षों द्वारा प्रतिबद्धताओं को कितना पूरा किया गया है।

- **अन्तर-मंत्रालय समिति:** अन्तर-मंत्रालय समिति (आईएमसी) में अध्यक्ष के रूप में सचिव डीपीई, अन्य सदस्यों के रूप में संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के सचिव या उनके प्रतिनिधि, सचिव, सांख्यिकीय तथा कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय अथवा इनके प्रतिनिधि, अपर सचिव, नीति आयोग अथवा इनके प्रतिनिधि सम्मिलित है। सचिव, डीपीई किसी ऐसे अधिकारी का भी सहयोग ले सकते हैं जो वित्त विशेषज्ञ हो, यदि ऐसी आवश्यकता महसूस की जाए। आईएमसी की भूमिका वित्तीय वर्ष के आरंभ से पूर्व सीपीएसईज़ के एमओयू लक्ष्यों का निर्धारण तथा उस वर्ष के समापन के पश्चात एमओयू का निष्पादन मूल्यांकन करने में एमओयू पर एचपीसी तथा डीपीई की सहायता करने की है।
- **डीपीई में एमओयू डिवीजन:** डीपीई में एमओयू डिवीज़न द्वारा एचपीसी एवं आईएमसी की सहायता की जाती है जो एचपीसी एवं आईएमसी के स्थायी सचिवालय के रूप में भी कार्य करता है।

5.3 निष्पादन मूल्यांकन एवं रेटिंग हेतु एमओयू लक्ष्य

2015-16 के एमओयू में दो भाग थे, वित्तीय लक्ष्य अथवा अचल मापदण्ड और गैर-वित्तीय अथवा परिवर्तनीय मापदण्ड, दोनों का अनुपात 50 *प्रतिशत* महत्व में है। वित्तीय मापदण्ड कारोबार, लाभप्रदता और विभिन्न वित्तीय अनुपातों से संबंधित है, जबकि गैर वित्तीय मापदण्ड में परियोजना कार्यान्वयन, उत्पादकता और आंतरिक प्रक्रियायें, प्रौद्योगिकी, गुणवत्ता, नवीन पहलों के साथ-साथ सेक्टर विशिष्ट मापदण्ड शामिल हैं। तथापि, एमओयू 2016-17 में ऐसा कोई पृथ्थकरण नहीं किया गया। सीपीएसईज़ एवं प्रशासनिक मंत्रालय के साथ विचा-विमर्श कर आईएमसी प्रत्येक मापदण्ड के लिए लक्ष्य एवं महत्व निर्धारित करता है।

'उत्कृष्ट' एवं 'घटिया' निष्पादन के बीच अंतर करने के नजरिए से, प्रत्येक मापदण्ड का पांच बिन्दु पैमाने पर मूल्यांकन किया जाता है अर्थात्, 'उत्कृष्ट' के लिए पांच फिर एक-एक घटाते हुए 'बहुत अच्छा', 'अच्छा', 'ठीक' और 'घटिया'। सीपीएसईज़ का वास्तविक निष्पादन प्रत्येक मापदण्ड हेतु अस्थाई स्कोर से और अलग-अलग पैमानों के दिए गए स्कोर को मिलाकर समेकित स्कोर की गणना से परिलक्षित होता है।

5.4 एमओयू के निर्धारण एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया

एमओयू लक्ष्य निर्धारण एवं मूल्यांकन में निहित प्रक्रिया निम्नलिखित है:



5.5 विश्लेषण का क्षेत्र

इस विश्लेषण में वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 के लिए 17 'नवरत्न' सीपीएसईज़ के एमओयू शामिल हैं। जबकि लेखापरीक्षा में वर्ष 2015-16 के लिए एमओयू के निर्धारण एवं मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जांच की गई थी, परन्तु वर्ष 2016-17 के लिए एमओयू के मूल्यांकन की जांच नहीं की गई थी क्योंकि यह पूर्ण नहीं हुआ था (सितम्बर 2017)। विश्लेषण हेतु चयनित 17 'नवरत्न' कम्पनियों का विवरण तथा वर्ष 2011-12 से 2015-16 की अवधि के लिए उनकी एमओयू रेटिंग **परिशिष्ट-XIV** में दी गई है:

5.6 विश्लेषण का उद्देश्य

विश्लेषण का उद्देश्य यह मूल्यांकन करना था कि क्या:

